# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बिलासपुर, शनिवार, 15 नवंबर 2025

haribhoomi.com





# कोर्ट के आदेश के बाद तोड़ा गया दफ्तर, ठेला लगाकर काम कर रहा परिवहन विभाग का बेरियर

जगदलपुर। सीमावर्ती क्षेत्र में बस्तर जिले के धनपूंजी में विवादित जमीन पर परिवहन विभाग का बेरियर का कार्यालय एवं आवास बना था। जमीन के मालिक ने जमीन मांगी तो नहीं मिली, इससे जमीन मालिक ने न्यायालय की शरण ली। इस पर न्यायालय ने फैसले में विवादित जमीन मालिक को देने का आदेश दिया, जमीन मालिक ने बेरियर के कार्यालय एवं आवास भवन को हटवा दिया। भवन तोड़ने से एक माह से बेरियर का कार्यालय ठेला में लगाया जा रहा है और कर्मचारी किराए के मकान लेकर रह रहे हैं।




न्यायालय के आदेश से जमीन के मालिक ने बेरियर के कार्यालय व आवास को हटाया



### मुख्यालय को दी सूचना

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि कोर्ट के आदेश से बेरियर का कार्यालय हटाया गया। इसकी सूचना मुख्यालय को दी गई है।

### धर्मकांटा आज तक शुरू नहीं हो सका

बेरियर में बनाए गए धर्मकांटा आज तक शुरू नहीं हो सका, क्योंकि धर्मकांटा भी विवादित जमीन में लगाया गया है, जिसे शिफ्ट किया जाएगा। बेरियर ने इसकी सूचना विभाग के मुख्यालय को भेजी गई है। बेरियर से हर महीने लगभग 23 लाख रुपए से अधिक राजस्व शासन को मिल रहा था, पर इस बेरियर से हटने से शासन को राजस्व नहीं होगा। बताया जा रहा है कि विभाग का बेरियर वर्षों से विवादित जमीन में लग रहा था।

---

निजी मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस की कुल 186 सीटें, 15 फीसदी एनआरआई कोटे की

# नए नियम से रुकेगी पीजी सीटों की बंदरबाट 50 फीसदी सीटें ही एनआरआई कोटे से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस कोटे की सीट का शुल्क एक करोड़ के लगभग होता है और जिन विषयों की मांग ज्यादा होती है, ऐसी सीटों के लिए ढाई से तीन करोड़ तक वसूले जाते हैं। पूर्व में निजी मेडिकल कालेजों द्वारा डिमांड वाली सीटों का आवंटन एनआरआई कोटे से कर ज्यादा मुनाफा कमाते थे। इसकी वजह से कई स्थानीय एमबीबीएस डाक्टरों को योग्य होने के बाद भी अपनी मनपसंद सीटों से वंचित होना पड़ता था। इस बार चिकित्सा शिक्षा विभाग ने नए नियम में किसी भी विषय की आधी यानी पचास फीसदी सीटों का आवंटन अप्रवासी भारतीय नियतांश से किए जाने का नियम बनाया है। दावा किया जा रहा है कि इससे निजी कालेजों की मनमानी कम होगी और स्थानीय छात्रों को अपनी पसंदीदा सीट मिलने का मौका मिलेगा। इसके अलावा इस बार राज्य के मेडिकल कालेजों में पीजी सीटों पर स्थानीय छात्रों को प्राथमिकता देने का नियम बनाया गया है।

निजी मेडिकल कालेज एमडी-एमएस की किसी भी विषय की पचास फीसदी से ज्यादा सीटों का आवंटन एनआरआई कोटे से नहीं कर पाएंगे। चिकित्सा शिक्षा विभाग के इस नए नियम से डिमांड वाले विषयों की सीटों की बंदरबाट रुकेगी। पूर्व में रेडियोलॉजी, आर्थो, सर्जरी, मेडिसिन, पीडियाट्रिक जैसे विभागों की ज्यादातर सीटों को अप्रवासी भारतीय नियतांश से आवंटित कर करोड़ों का खेल करते थे। राज्य में अभी तीन निजी मेडिकल कालेज में पीजी की कुल 186 सीटें हैं। इनमें से 15 प्रतिशत यानी 28 सीटें एनआरआई कोटे से आवंटित की जाएंगी।

खास खबर

रेडियोलॉजी, आर्थो, सर्जरी जैसी सीटों का कोटे से आवंटन पर होता था करोड़ों का खेल




### खाली ईडब्लूएस सीट सामान्य वर्ग

नए नियम के मुताबिक ईडब्लूएस कोटे की सीट अगर मॉपअप राउंड तक खाली रह जाती है, तो सामान्य वर्ग के कोटे में तब्दील कर दी जाएगी। पूर्व में यह सिस्टम नहीं होने की वजह से सीटें खाली रह जाती थीं, जिसका नुकसान चिकित्सा की उच्च शिक्षा ग्रहण करने वालों को होता था। इसी तरह यूजी एडमिशन की तरह पीजी प्रवेश में भी अभ्यर्थियों को प्रत्येक चरण में पंजीयन का मौका दिया गया है। इसका फायदा किसी भी राउंड में छूटे उम्मीदवारों को नया अवसर मिलेगा। साथ ही ऑल इंडिया काउंसिलिंग की तर्ज पर विद्यार्थियों को अपग्रेडेशन का विकल्प चुनने की अनुमति रहेगी।

### एमडी-एमएस की 563 सीट

राज्य के शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों में इस बार एमडीएमएस की कुल 563 सीटें है। इनमें 377 सीटें तो शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित है। पिछले दिनों एनएमसी द्वारा बिलासपुर, नांदगांव, जगदलपुर, रायगढ़, कोरबा में 61 नई सीटों पर प्रवेश की अनुमति दी थी। पीजी प्रवेश करने वालो छात्रों द्वारा सामान्य वर्ग के 50 एवं आरक्षित वर्ग के 40 लाख के बांड राशि के नियम को शिथिल करने की मांग की जा रही थी। विभागीय स्तर पर तकनीकी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है।

### बड़ा कदम

पीजी प्रवेश के नियमों में संशोधन में स्थानीय छात्रों को प्राथमिकता दी गई है। यह सुधार छत्तीसगढ़ के मेडिकल विद्यार्थियों के अधिकारों और अवसरों की रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**- डॉ. रेशम सिंह,** अध्यक्ष, जूनियर डाक्टर एसोसिएशन

### समय-सीमा में काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों पर लगेगी पेनाल्टी



**रायपुर।** लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने गुरुवार को रायपुर और दुर्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं तथा सभी कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर सड़क और भवन निर्माण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित निर्माण भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को समय-सीमा में काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाने व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता फील्ड पर जाकर निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बैठक में अधिकारियों से कहा, विभागीय बजट के सदुपयोग के साथ लोगों की सुविधा के लिए फील्ड पर तेजी से काम हों।

---

### एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने बीएलए को दी ट्रेनिंग

**रायपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस भवन, गांधी मैदान में कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने बीएलए के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में दक्षिण विधानसभा के कुल 253 बूथों के बीएलए शामिल हुए। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद वर्मा ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बीएलए को मतदाता सूची पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत या फर्जी नाम हटवाने और सुधार संबंधी कार्यों की जानकारी विस्तार से दी।

### ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई थाने की पुलिस ने भूटानी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## जेल में लखमा व चैतन्य से मिलने पहुंचें पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर और विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल से मिलने पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग व पूर्व विधायक विकास उपाध्याय पहुंचे। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कवासी लखमा जी के आंखों में बहुत दिनों से तकलीफ है। श्री उपाध्याय ने कहा कि जेल प्रशासन के डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी है। जिला प्रशासन व राज्य सरकार विपक्ष के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री का इलाज नहीं करा पा रही है जबकि प्रदेश का सबसे बड़ा हॉस्पिटल जेल के



ठीक सामने ही है इससे साफ नजर आता है राज्य की भाजपा सरकार दुर्भावना पूर्वक एक वरिष्ठ विधायक से ऐसा बर्ताव कर रही है जो कि अति चिंतनीय विषय है। श्री उपाध्याय ने मांग की कि श्री लखमा का उचित इलाज किया जाए और उन्हें मानवीय और कानूनी आधार पर अस्पताल में भर्ती कराया जाए।

---

भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वीरेंद्र को कोर्ट में पेश किया गया

# कोर्ट रूम के बाहर लगे वीरेंद्र तोमर के नारे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूदखोरी तथा आर्म्स एक्ट के आरोप में गिरफ्तार वीरेंद्र तोमर की पुलिस रिमांड खत्म होने पर पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया। वीरेंद्र को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोर्ट में पेश किया गया। डेढ़ दर्जन के करीब लोग वीरेंद्र के समर्थन में कोर्ट परिसर पहुंचे। वीरेंद्र को जब कोर्ट ले जाया जा रहा था, उसके समर्थन कोर्ट रूम के बाहर वीरेंद्र तोमर जिंदाबाद के नारे लगाते दिखे। वीरेंद्र तोमर को कोर्ट में पेश करने ले जाया जा रहा था, तब उसने चिल्लाते हुए कहा कि वह कोई अपराधी नहीं है। कोर्ट में पेश करने के बाद वीरेंद्र को जेल दाखिल करने ले जाया जा रहा था, पीछे-पीछे उसके समर्थक जेल परिसर पहुंच गए और जेल के गेट के पास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान वीरेंद्र ने जोर से चिल्लाते हुए कहा कि वह अपराधी नहीं है, उसे तथा उसके परिवार को पुलिस जबरन अपराधी साबित करने की कोशिश कर रही है। वहीं क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने सूदखोर वीरेंद्र तोमर का जुलूस निकालने का विरोध किया है।



### पूछताछ में नहीं किया सहयोग

पांच दिन की पुलिस रिमांड में लेने के बाद एक नहीं, एसएसपी सहित एडिशनल एसपी, सीएसपी रैंक के अफसरों के साथ कई थानों की पुलिस ने वीरेंद्र तोमर से अलग-अलग पूछताछ की। पूछताछ के दौरान वीरेंद्र ने पुलिस को किसी तरह से कोई सहयोग नहीं किया। उसने अर्जित संपत्ति को अपनी मेहनत की कमाई से हासिल करना बताया। संपत्ति का ब्योरा मांगे जाने पर वीरेंद्र संपत्ति का ब्योरा नहीं दे पाया। उसने अपने सीए के माध्यम से हर वर्ष संपत्ति का आयकर विभाग में ऑडिट कराने की बात पुलिस से कही।

### फरारी के दौरान करणी सेना के संपर्क में

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक फरारी के दौरान वीरेंद्र तोमर करणी सेना से जुड़े लोगों के संपर्क में रहा है। दिल्ली राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना का सहयोग नहीं मिलने की वजह से करणी सेना के अन्य घटक के नेताओं से संपर्क कर अपने लिए समर्थन जुटाया। इस कारण से क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत खुलकर वीरेंद्र तोमर के समर्थन में सामने आया।

**अगले महीने महापंचायत का आयोजन :** वीरेंद्र की गिरफ्तारी को लेकर डॉ. शेखावत ने चेतावनी देते हुए कहा है कि क्षत्रिय समाज के लाखों लोग बहुत जल्द रायपुर कूच करेंगे। हम उन पुलिस वालों के घर में भी घुसेंगे जो तोमर के घर के अंदर घुसे थे। इसके अलावा शेखावत ने इस कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही है। राज शेखावत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि छत्तीसगढ़ में 7 दिसंबर को क्षत्रिय स्वाभिमान न्याय महापंचायत की जाएगी। वहीं 3 महीने पहले राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने रायपुर में कहा था कि हिस्ट्रीशीटर वीरेंद्र सिंह तोमर का करणी सेना से कोई संबंध नहीं है। राज शेखावत ने रोहित तोमर का बचाव करते हुए कहा कि रोहित को वीरेंद्र ने बेटे की तरह पाला है, वीरेंद्र अपने भाई के बचाव में आया, तो पुलिस ने वीरेंद्र को ही आरोपी बना दिया।


# भारत निर्वाचन आयोग


## विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण

[अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026]

गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने की अवधि
[दिनांक: 04.11.2025 से 04.12.2025 तक]

छत्तीसगढ़ के सभी मतदाताओं से अपील है कि "मतदाता सूची" में दर्ज अपने नाम को सत्यापन कराने हेतु

- ECINET मोबाइल एप या voters.eci.gov.in के माध्यम से आज ही ऑनलाइन तरीके से अपना गणना प्रपत्र ( एन्यूमरेशन फॉर्म ) भरें।




कृपया QR Code स्कैन करें

voters.eci.gov.in

- आप अपने मतदान केंद्र के "बूथ लेवल अधिकारी" के पास भी ऑफलाइन माध्यम से अपना गणना प्रपत्र ( एन्यूमरेशन फॉर्म ) भर कर जमा कर सकते हैं।
- विगत एस.आई.आर. 2003 की मतदाता सूची वेबसाइट voters.eci.gov.in एवं election.cg.gov.in/deoportal पर उपलब्ध है।

महत्वपूर्ण तिथियां

| क्र. | कार्यक्रम का विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरने की अवधि | 04.11.2025 से 04.12.2025 तक |
| 2. | मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन | 09.12.2025 |
| 3. | दावा आपत्ति करने की अवधि | 09.12.2025 से 08.01.2026 तक |
| 4. | नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन) की अवधि | 09.12.2025 से 31.01.2026 तक |
| 5. | मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 07.02.2026 |

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी कर अद्यतन, स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची के निर्माण में अपना सहयोग दें।

यदि आपको ( एन्यूमरेशन फॉर्म ) भरने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई आती है तो हमारे टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करें अथवा अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क करें।

Follow Us On

CEOChhattisgarh | CEOChhattisgarh | ceochhattisgarh
CEOChhattisgarh | ceochhattisgarh

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## जिया हो बिहार का लाला...

मोदी-शाह का जादू, बिहार में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी, जीती रिकॉर्ड 89 सीटें

राहुल को करारा झटका, कांग्रेस को मिली सिर्फ छह सीटें

एनडीए की जीत का दिल्ली हेडक्वार्टर में मनाया जश्न



20 साल बाद भी वहीं दम

## बिहार में एनडीए की सुनामी

आंकड़ा 200 पार, जेडीयू को मिली 85 सीटें, महागठबंधन का सूपड़ा साफ


# नीतीश-मोदी का कमाल मुंह के बल लालू के लाल

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए। पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी ने कमाल कर दिया। राज्य की 243 विधानसभा सीटों में से एनडीए ने 202 सीटें हासिल की। विपक्षी इंडिया गठबंधन (महागठबंधन) का सूपड़ा साफ हो गया है। महागठबंधन 50 सीटों का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया। लालू के बेटे तेजस्वी बड़ी मुश्किल से जीते वहीं, तेजप्रताप की हार हो गई। 2025 की एनडीए की ये जीत एक बार फिर से साल 2010 के विधानसभा चुनाव नतीजों की याद दिलाता है। ये वो चुनाव था जिसमें भाजपा और नीतीश कुमार की जेडीयू ने केवल कमाल ही नहीं बल्कि विपक्ष को जबरदस्त झटका भी दिया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटना

सत्तारूढ़ राजग ने शुक्रवार को बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में 202 सीट जीतकर शानदार जीत दर्ज की। निर्वाचन आयोग ने सभी सीटों के चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, भाजपा 89 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। उसकी सहयोगी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जदयू ने 85 सीट जीती हैं, जबकि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 19 सीट मिली हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने पांच सीट जीतीं, जबकि उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने चार सीट जीतीं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, और राज्य मंत्री प्रेम कुमार, महेश्वर ▶▶|शेष पेज 6 पर






### सियासी झलकी

- एनडीए को पिछले चुनाव से 75 से ज्यादा सीटों का फायदा
- जेडीयू को सबसे ज्यादा बढ़त मिली, 2020 से 40+ सीट का फायदा



- 28 सीटों पर लड़ रही लोजपा के खाते में आईं 19 सीटें
- लालू यादव के बड़े बेटे और महुआ से जेजेडी प्रत्याशी तेजप्रताप हार गए हैं
- दानापुर से बाहुबली और आरजेडी प्रत्याशी रीतलाल यादव हार गए
- डिप्टी सीएम विजय सिन्हा लखीसराय सीट से चुनाव जीत गए
- एनडीए की प्रचंड जीत के बाद सीएम नीतीश के आवास की बढ़ी सुरक्षा
- चिराग पासवान शनिवार को सुबह 10.30 बजे लेंगे पत्रवार्ता

### बिहार विस के स्टार



#### मोदी के 'हनुमान' साबित हुए चिराग

बिहार के विधानसभा चुनाव 2025 में चिराग फिर से मोदी के लिए हनुमान साबित हुए हैं। 29 में से 23 सीटों पर जीत और बढ़त, यानी लगभग शानदार स्ट्राइक रेट के साथ चिराग की पार्टी ने 5% से ज्यादा वोट शेयर हासिल कर बेहतरीन परफॉर्मेंस दी है।



#### खुशी से झूमी मैथिली

बिहार चुनाव में दरभंगा जिले की अलीनगर विधानसभा सीट से एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार मैथिली ठाकुर ने जीत दर्ज कर ली है। प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ने राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार विनोद मिश्रा को 11 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से हराया।



#### श्रेयसी की राइफल से बुझी राजद की लालटेन

बिहार के चुनावी रण में खेल जगत की भी एक धाकड़ छोरी ने कमाल कर दिया। भारत के लिए राइफल शूटिंग में कमाल करने वाली श्रेयसी सिंह ने दूसरी बार बीजेपी के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीत लिया है।



#### तारापुर के 'तारा' बन गए सम्राट चौधरी

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को इस बार तारापुर से टिकट दिया गया था। इससे पहले वह परबत्ता सीट से राजद के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। 2014 में वह राजद से अलग हो गए। 2020 में वह एमएलसी चुने गए।

## छग के भाजपा नेताओं की जिम्मेदारी वाली सभी सीटों पर विजय, प्रदेश प्रभारी नितिन की बड़ी जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली ऐतिहासिक जीत में प्रदेश के नेताओं की भी बड़ी भागीदारी रही। प्रदेश के जिन भी नेताओं को जिन विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली थी, सभी में भाजपा के प्रत्याशी जीते। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन को भी बड़ी जीत मिली। उनके नामांकन में जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गए थे, वहां उनके प्रचार में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहति कई नेता जुटे थे। इधर कांग्रेस के ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 98299 मतों से जीते नितिन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल की जिम्मेदारी वाली सभी 25 सीटों में जीत



### सरोज, संतोष, बृजमोहन के खाते में जीत

रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल जी को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में वैशाली जिले की हाजीपुर और लालगंज विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया था। यहां पहले चरण में 6 नवंबर को मतदान हुआ था। दोनों ही सीटों पर भाजपा प्रत्याशी विजयी घोषित हुए। राजनांदगांव सांसद एवं भाजपा मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडेय को बिहार में पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र का दायित्व मिला था। सांसद श्री पांडेय के प्रभार क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र थे ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सबसे पहले जीत, जेल में बंद अनंत



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों ने सबको चौंका दिया। कई दिग्गज जीते, कई हार गए। बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली मोकामा की विधानसभा सीट पर एक बार फिर से अनंत सिंह का परचम लहराया है। दुलारचंद यादव हत्याकांड में जेल में रहने के बाद भी अनंत सिंह करीब 29 हजार वोटों से जीते हैं। चुनाव में अनंत सिंह जेडीयू के टिकट पर मैदान में थे और वोटिंग से ठीक पहले हत्याकांड में नाम सामने आने के बाद उन्हें जेल जाना पड़ा, लेकिन इस जीत से अनंत सिंह ने यह साबित कर दिया है कि चाहे वो जेल में रहें या बाहर मोकामा में उनकी ही 'सरकार' रहेगी। उन्होंने बता दिया है कि मोकामा में छोटे सरकार ही उनका सब कुछ हैं।

### 5 कारण, जिनसे हारा महागठबंधन



- राहुल का वोट चोरी का न एटम बम चला न हाइड्रोजन बम, चुनाव आयोग की छवि खराब करना बना बड़ी फांस
- नामांकन की आखिरी तारीख तक महागठबंधन में सीटों के बंटवारे की स्थिति साफ नहीं थी, वह बिखरा रहा
- राहुल नहीं चाहते थे कि तेजस्वी सीएम फेस बनें क्योंकि एनडीए के जंगलराज के मुद्दे को इससे ज्यादा हवा मिली
- राहुल ने तेजस्वी से हाथ मिलाने का खमियाजा भुगता या तेजस्वी ने कांग्रेस से दोस्ती की कीमत चुकाई, या ये दोनों फैक्टर प्रभावी रहे
- तेजस्वी ने हर घर से एक को नौकरी व महिलाओं को 30 हजार देने का वादा किया, पर वोटरों को यह विश्वसनीय नहीं लगा

### एक बेटा जीता, दूसरा हारा



बिहार विधानसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद को करारी हार का सामना करना पड़ा है। परिवार के लिए भी यह परिणाम खट्टा-मीठा रहा है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव राघोपुर विस सीट से जीत गए। 14532 वोट से जीत हासिल की। 32 राउंड की गणना में तेजस्वी को 118597 वोट मिले. दूसरे नंबर पर बीजेपी के सतीश कुमार रहे।

### अपनी लड़ाई हार गए प्रशांत किशोर



प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की स्थिति बेहद खराब रही। पार्टी ने सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की कोशिश की थी और नामांकन न दाखिल कर पाने के लिए उसने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं को जिम्मेदार ठहराया था, लेकिन नतीजा यह है कि पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई। अधिकांश सीटों पर उसके प्रत्याशी अपनी ज़मानत भी बचाते नहीं दिख रहे। 47 वर्षीय किशोर ने लगभग एक वर्ष पहले जन सुराज पार्टी की शुरुआत की थी।

### फ्लाप हो गए गायक खेसारी लाल



मशहूर भोजपुरी गायक और अभिनेता खेसारी लाल यादव की वजह से सारण जिले की छपरा सीट चर्चा में रही। पर्दे पर अपनी एक्टिंग से लाखों बिहारी लोगों के दिलों को जीतने वाले खेसारी लाल यादव ने इस बार बिहार के विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई। उन्होंने आरजेडी की छपरा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन फिल्मों में हिट होने वाले खेसारी लाल यादव बिहार विधानसभा चुनाव पर फ्लॉप हो गए हैं। वह अपनी सीट से हार गए।

पीएम ने भाजपा कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर किया अभिवादन



मोदी बोले

## जीत का नया 'महिला और यूथ' फॉर्मूला

### पीएम ने कहा- एनडीए की जीत ने 'जंगलराज वालों' के 'सांप्रदायिक फॉर्मूले' को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की भारी जीत की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि इस जीत ने एक नया 'एमवाई - महिला और यूथ' फॉर्मूला दिया है। जनता ने 'जंगल राज' वालों के सांप्रदायिक एमवाई फॉर्मूले' को खारिज कर दिया है। मोदी ने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार वह धरती है जिसने भारत को लोकतंत्र की जननी होने का गौरव दिया और आज सी धरती ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### सांप्रदायिक फार्मूल ध्वस्त

*मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, आज बिहार उन राज्यों में से एक है जहां युवा आबादी अधिक है और ये युवा सभी धर्मों और जातियों से हैं। उनकी इच्छाओं, आकांक्षाओं और उनके सपनों ने जंगल राज वाले लोगों के सांप्रदायिक 'एमवाई' फार्मूले को ध्वस्त कर दिया है। बिहार चुनावों ने यह भी दिखाया है कि मतदाता, विशेषकर युवा मतदाता, मतदाता सूची की गड़बड़ियों को दूर करने की कवायद को गंभीरता से लेते हैं।*

## सीएम साय बोले- लोकतंत्र और सुशासन की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिहार चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर कहा, दुनिया को लोकतंत्र की शिक्षा देने वाले बिहार का जनादेश, लोकतंत्र और सुशासन की जीत है। बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस बार अन्य तमाम चुनावों से अधिक बड़ी जीत देकर चुना है। ऐसा देखा जाता है कि कई बार सत्ता में रहने के बाद सत्ताधारी दल को एंटी इंकम्बेंसी झेलनी पड़ती है। भाजपा शासित राज्यों ने इस मिथक को भी तोड़ दिया है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

## राहुल ने जहां पकड़ी थी मछली, वहां 32 हजार से हार



बिहार के बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को करारा झटका लगा है। यहां चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने मुकेश सहनी के साथ सभा की थी और पोखर में उतरकर मछली पकड़ने का अनोखा अंदाज भी दिखाया था। बावजूद इसके कांग्रेस उम्मीदवार अमिता भूषण मतदाताओं को आकर्षित करने में नाकाम रहीं और करीब 31,000 वोटों के अंतर से बीजेपी प्रत्याशी कुंदन कुमार से चुनाव हार गईं।

## बिहार ने इस चुनाव में 'परिवर्तन' नहीं, बल्कि 'स्थिरता' को प्राथमिकता दी और यही पूरे परिणाम का सार

सबसे बड़ी चुनौती महागठबंधन की अंदरूनी असहमति और नेतृत्वहीनता रही

# लालू कहा कहते थे- राज करब त ठोक के करब...ये नतीजा बताता है कि बिहार अब ऐसी सामंती सोच से बाहर आ चुका है

### एनडीए ने अपने मुद्दों को सुसंगत रखा, संगठन और विश्वसनीय नेतृत्व को चुनाव की धुरी बनाया



राजेश रंजन
वरिष्ठ पत्रकार, पटना

एक्सपर्ट व्यू

बिहार चुनाव के नतीजों ने इस आकलन को सही साबित कर दिया कि महागठबंधन का कमजोर प्रदर्शन किसी आकस्मिक घटना का परिणाम नहीं है। सही मायनों में कहें तो यह महीनों से बन रहे उन राजनीतिक संकेतों का निष्कर्ष था, जिनसे उनकी हार साफ झलक रही थी। चुनाव अभियान के दौरान महागठबंधन न केवल रणनीतिक एकजुटता बनाने में विफल रहा, बल्कि जनता के बीच एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में भी खुद को प्रस्तुत नहीं कर पाया। महागठबंधन की रणनीतिक बिखराव, नेतृत्व की अस्पष्टता, जमीन पर कमजोर संगठन और जनता से टकराव में पड़ती चुनावी भाषा ने उसके अभियान को लगातार कमजोर किया। दूसरी ओर एनडीए ने मुद्दों की स्पष्टता, नेतृत्व की विश्वसनीयता और संगठित चुनावी ढांचे के सहारे एक अपेक्षाकृत सहज जीत दर्ज की। बिहार ने इस चुनाव में परिवर्तन नहीं, बल्कि स्थिरता को प्राथमिकता दी और यही पूरे परिणाम का सार है।

सबसे बड़ी चुनौती महागठबंधन की अंदरूनी असहमति और नेतृत्वहीनता रही। कांग्रेस और राजद के बीच तालमेल शुरुआत से ही डगमगाता दिखा। राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के बाद तेजस्वी यादव का अलग यात्रा निकालना इस दरार को और स्पष्ट करता है। टिकट बंटवारे से लेकर संयुक्त सभाओं तक, हर स्तर पर समन्वय की कमी खुलकर सामने आई। तेजस्वी यादव का खुद को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने का दबाव और कांग्रेस की मजबूरी में इसे स्वीकार करना रणनीतिक तालमेल से अधिक भीतर की उलझनों को उजागर करता है। स्थिति तब और जटिल हुई जब वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने खुद को डिप्टी सीएम फेस बताने की कोशिश की, जिससे गठबंधन की एकजुटता पर और सवाल खड़े हुए।

### नीतीश की विश्वसनीयता एनडीए के लिए एक 'स्थिर स्तंभ' बनी

एनडीए की चुनावी मशीनरी बेहद संगठित, केंद्रित और आक्रामक दिखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह तक, शीर्ष नेतृत्व ने जंगलराज, आंतरिक सुरक्षा, घुसपैठ और स्थिर शासन जैसे मुद्दों को फिर से धारदार बनाया। शाह की बिहार में निरंतर मौजूदगी, सीट-वार समीकरणों की प्रत्यक्ष निगरानी और असंतुष्ट नेताओं से व्यक्तिगत संवाद, इन सभी ने एनडीए को बढ़त दिलाई। एनडीए ने न केवल अपने मुद्दों को सुसंगत रखा, बल्कि जमीनी स्तर के संगठन और विश्वसनीय नेतृत्व को चुनाव की धुरी बना दिया। महागठबंधन की कथा मतदाताओं से जुड़ नहीं पाई। एसआईआर जैसे ▶▶ शेष पेज 6 पर

## चिंतन

# बिहार के नए जनादेश के पीछे सुशासन व स्थिरता

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन के लिए खुशी व उत्साह लेकर आए, वहीं राहुल गांधी की अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन के लिए सीख हैं। उनके वोट चोरी के आरोपों को मतदाताओं ने गंभीरता से नहीं लिया है। जिस तरह से राजग उम्मीदवारों के पक्ष में भारी मतदात हुआ है, ये केवल और केवल एक राजनीतिक जीत नहीं बल्कि बिहार की जनता के मन में पनपे भरोसे, उम्मीद और बदलते राजनीतिक विवेक का बहुत प्रबल संदेश भी है। जिस तरह से जनता ने अपना फैसला सुनाया, वह दर्शाता है कि मतदाता अब न केवल सजग हैं, बल्कि वे नीति, नीयत और परिणाम आधार पर ही अपना मत निर्धारित कर रहे हैं। यह प्रचंड विजय इस बात का प्रमाण भी है कि बिहार की जनता सुशासन और स्थिरता पसंद कर रही है। बिहार में लंबे समय तक जाति समीकरण चुनाव जीतने के सरल सूत्र माने जाते थे। इस बार ये पुराना ढांचा पूरी तरह अप्रासंगिक साबित हुआ है। मतदाता अब केवल पहचान के आधार पर मतदान नहीं करता, वह विकास के अवसरों, सरकारी सेवाओं की उपलब्धता और स्थिर प्रशासन को प्राथमिकता देता है। राजग की नीतियों ने आम मतदाता के मन में यह विश्वास जगाया कि देश के अति पिछड़े राज्य बिहार के विकास का पहिया तेज़ गति से घूम सकता है। सड़क, बिजली, गैस, सिंचाई, उद्यमिता और शिक्षा के क्षेत्र में जो विस्तार हुआ, उसने मतदाता के मन में यह धारणा स्थापित हुई कि विकास की निरंतरता उसी राजनीतिक संगठन से संभव है, जिसने इन आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की अगुवाई में विपक्ष की सबसे बड़ी भूल यह रही कि उसने सोशल मीडिया की चमक को वास्तविक जनभावनाओं का प्रतिनिधि मान लिया। डिजिटल अभियानों में ऊर्जा भले ही दिखी, पर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बूथ स्तर पर उनकी उपस्थिति कमजोर रही। सोशल मीडिया प्रचार में रंग तो जमाता है, लेकिन मतदान का फैसला तभी होता है जब मतदाता को यह भरोसा हो कि उसका जीवन सुरक्षित, स्थिर और प्रगतिशील दिशा में आगे बढ़ रहा है। इंडिया गठबंधन भरोसे की नींव तैयार करने में असफल रहा। इस चुनाव परिणाम से एक बात साफ हो गई कि जनता विरोध नहीं, विकल्प चाहती है। ऐसा विकल्प जो केवल व्यवस्था की आलोचना न करे, बल्कि बेहतर व्यवस्था का भरोसेमंद रोडमैप प्रस्तुत करे। एनडीए यह विश्वास दिलाने में सफल रहा कि शासन क्षमता, नीति की दृढ़ता और समाज के हर वर्ग से जुड़ने की शक्ति उसके पास है। विपक्ष केवल सरकार विरोध पर ही निर्भर होकर रह गया। तेजस्वी यादव एक के बाद एक ऐसी घोषणाएं कर रहे थे, जिन्हें पूरा करना संभव ही नहीं। सच यह है कि मतदाता अब भावनात्मक राजनीति से कहीं आगे निकल चुका है। अब वो सामाजिक चेतना विकास, आत्मनिर्भरता और स्थिर शासन को प्राथमिकता देता है। महिलाओं में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता, युवाओं की आर्थिक आकांक्षाएं और ग्रामीण मतदाता की व्यावहारिक सोच, ये सभी मिलकर भारतीय राजनीति का नया ढांचा गढ़ रहे हैं। भाजपा इस परिवर्तन को समझने में जितनी सक्षम दिखी, विपक्ष उतना ही भटका नजर आया। बस इसी ने तय कर दिया बिहार का नया जनादेश। इस चुनाव का सबसे उल्लेखनीय पक्ष यह रहा कि राज्यभर में एकतरफा माहौल धीरे-धीरे विकसित होता गया।

# बिहार में सुशासन की निर्णायक जीत



जनादेश
कांतिलाल मांडोत

बिहार की राजनीति लंबे समय से दो विरोधी धुरों के बीच झूलती रही है। एक ओर सुशासन, विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था की राजनीति, और दूसरी ओर अव्यवस्था, कट्टा संस्कृति, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और पुराने 'जंगलराज' की यादें। हालिया चुनावों ने इन दोनों धाराओं के बीच चल रही जंग पर निर्णायक मुहर लगा दी है। जनता ने जिस स्पष्टता और मजबूती से अपना संदेश दिया है, उसने राजनीति के कई भ्रम तोड़ दिए और यह साफ कर दिया कि वह सिर्फ नारों से नहीं, बल्कि व्यवहारिक शासन, स्थिर नेतृत्व और विकास की ठोस दिशा को प्राथमिकता देती है। बिहार की जनता ने यह साबित कर दिया कि सुशासन ही सबसे बड़ी राजनीति है।

बिहार की राजनीति लंबे समय से दो विरोधी धुरों के बीच झूलती रही है। एक ओर सुशासन, विकास, स्थिरता और कानून-व्यवस्था की राजनीति, और दूसरी ओर अव्यवस्था, कट्टा संस्कृति, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और पुराने 'जंगलराज' की यादें। हालिया चुनावों ने इन दोनों धाराओं के बीच चल रही जंग पर निर्णायक मुहर लगा दी है। जनता ने जिस स्पष्टता और मजबूती से अपना संदेश दिया है, उसने राजनीति के कई भ्रम तोड़ दिए और यह साफ कर दिया कि वह सिर्फ नारों से नहीं, बल्कि व्यवहारिक शासन, स्थिर नेतृत्व और विकास की ठोस दिशा को प्राथमिकता देती है। महागठबंधन ने चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे और विवादित आरोप लगाए। वोट चोर, गद्दी चोर, एसआईआर मुद्दे पर झूठे और मनगढ़ंत आरोप से कांग्रेस की स्थिति बिगड़ी है लेकिन जनता ने इन आरोपों को खारिज करते हुए यह जाहिर कर दिया कि नकारात्मक राजनीति अब असरदार हथियार नहीं रही। मतदाता अब काम कानून व्यवस्था, जनसेवा और विश्वसनीयता को प्राथमिकता देता है। इस चुनावी नतीजे ने यह स्थापित कर दिया कि बिहार की राजनीति नए युग में प्रवेश कर चुकी है, जहां भावनाओं के बजाय सुशासन की ठोस जमीन पर नेतृत्व का मूल्यांकन हो रहा है। जनता भावनाओं से आगे बढ़ चुकी है। एक समय था जब बिहार की राजनीति का ढांचा जातिगत समीकरणों, जनभावनाओं और राजनीतिक नाटकीयता पर आधारित माना जाता था, लेकिन इस चुनाव ने इस सोच को झकझोर दिया है। जाहिर है, बिहार की जनता अब सत्ता परिवर्तन सिर्फ नाराजगी या भावनात्मक उभार के आधार पर नहीं करती, बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता और प्रगति की दिशा को तरजीह देती है। महागठबंधन ने पूरी ताकत से नैरेटिव खड़ा करने की कोशिश की।

मोदी सरकार पर अपमानजनक टिप्पणियों से माहौल बिगड़ गया। जातिगत ध्रुवीकरण की कोशिशें हुई परन्तु बहुत बड़ा आघात मोदी को उस समय लगा जब मोदी की मां को विपक्ष ने गंदी गालिया दी। कहा गया, एनडीए का विरोध करने वाले नेताओं का कोई ढोर नहीं है। कांग्रेस के खाते में चार सीटें आना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीतियां पार्टी के खिलाफ है। राहुल ने ऐड़ी चोटी का जोर लगाया लेकिन अंततः करारी हार नसीब हुई है। तेजस्वी ने 19 नवम्बर को शपथ लेने की बात भी कर दी थी लेकिन सारे अरमान धराशायी हुए। अब एनडीए पर आरोपों की धज्जियां उड़ाई जाएगी। लेकिन बिहार के मतदाताओं ने शांत मन से यह मूल्यांकन किया कि कौन-सा नेतृत्व राज्य को स्थिरता, सुरक्षा और विकास की राह पर ले जा सकता है। जनता ने यह भी समझा कि सिर्फ विरोध के नाम पर राजनीति टिकाऊ नहीं हो सकती, जब तक उसके पास दृष्टि और साफ नीयत न हो। बिहार ने तुलना करके निर्णय दिया है। बिहार के राजनीतिक विमर्श में दो शब्द हमेशा प्रमुख रहे हैं जंगलराज और सुशासन। बिहार चुनाव में भी यही दो मॉडल आमने-सामने थे। एक सुशासन का मॉडल और दूसरा कानून-व्यवस्था में सुधार। बिहार में संगठित प्रशासन, भ्रष्टाचार विरोधी कदम, विकास परियोजनाओं का विस्तार और शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में निवेश जैसे मुद्दे चर्चा में रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा




योजनाएं और अपराध नियंत्रण और आधुनिक पुलिसिंग से जनता अभिभूत होती दिखाई दी। अव्यवस्था/कट्टा संस्कृति का मॉडल विपरीत परिणाम दे गया। जिन राज्यों में अतीत में ऊंची अपराध दर, रंगदारी, अपहरण उद्योग, गुंडागर्दी और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अपराधी प्रमुख धारा में रहे, उसकी यादें कभी मिटती नहीं। बिहार की जनता ने इस चुनाव में इन दोनों मॉडलों की तुलना करते हुए स्पष्ट और निर्णायक फैसला सुनाया है। यह स्पष्ट है कि वह किसी भी रूप में अतीत की अराजकता को वापस नहीं देखना चाहती। कट्टा संस्कृति बनाम क़ानून-व्यवस्था यह केवल चुनावी मुद्दा नहीं, सामाजिक प्रश्न था। बिहार में कट्टा संस्कृति और अपराध की राजनीति सिर्फ राजनीतिक मुद्दे नहीं थे। वे समाज की सुरक्षा और सम्मान से जुड़े प्रश्न थे। महागठबंधन इस धारणा को मिटाने में असफल रहा कि उनके कई जनाधार वाले क्षेत्रों में अतीत में अपराध और राजनीतिक संरक्षण का गठजोड़ दिखाई दिया था। वहीं दूसरी ओर, स्थिर नेतृत्व ने लगातार यह संदेश दिया कि कानून-व्यवस्था के साथ कोई समझौता नहीं होगा। मतदाता ने फिर साबित कर दिया कि सुरक्षा विकास की पहली शर्त है। एसआईआर विवाद से आरोपों की राजनीति का उल्टा असर देखने को मिला। चुनावों में महागठबंधन ने एसआईआर को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा करने का प्रयास किया और प्रधानमंत्री मोदी पर कई मनगढ़ंत आरोप लगाए। लेकिन जनता ने इस वाद-विवाद के राजनीतिक मकसद को समझ लिया। जब आरोप तथ्यों के बजाय भावनाओं पर आधारित हों, तो वे अक्सर उल्टा असर डालते हैं। मतदाता किसी भी नेतृत्व को निराधार आरोपों में उलझता देखना पसंद नहीं करता है। उसके लिए मायने रखता है। "वोटचोर" और "गद्दी चोर" जैसे शब्दों का परिणाम राजनीतिक गरिमा पर चोट करते है। लिहाजा, महागठबंधन ने चुनाव प्रचार की भाषा को जिस तरह व्यक्तिगत और कटु बना दिया, उससे एक बड़ा वर्ग असहज हुआ। राजनीति में गरिमा, संतुलन और संयम महत्वपूर्ण हैं। जब नेता अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हैं, तो वह उनके चरित्र का परिचय भी देता है। आम मतदाता के मन में यह सवाल उठा कि क्या ऐसे नेतृत्व पर शासन की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है? नतीजा यह हुआ कि नकारात्मक अभियान अपना असर खो बैठा और जनमत सुशासन की ओर झुकता चला गया। विकास का एजेंडा क्यों जीता? क्योंकि विकास अब राजनीति का विकल्प नहीं, बल्कि आधार बन चुका है। बिहार के मतदाताओं ने उन क्षेत्रों में हुए बदलावों को महसूस किया है। सड़कें बेहतर हुईं है। बिजली आपूर्ति स्थिर हुई। अस्पतालों का विस्तार, कृषि परियोजनाएं, महिलाओं की सुरक्षा की दिशा में कदम और रोजगार योजनाएं और कौशल केंद्र युवाओं के लिए छात्रवृत्ति व सहायता कार्यक्रम आदि मुख्य बिंदु थे।

महागठबंधन ने बहुमत का भ्रम फैलाया था लेकिन तेजस्वी को हार का सामना करना पड़ा। वही कांग्रेस के खाते में 5 सीटें मिली है। एनडीए खाते में 200 पार का आंकड़ा है। महागठबंधन इन मोर्चों पर ठोस प्रस्तुति देने में असफल रहा। भाषणों से विकास नहीं होता और मतदाता अब केवल नारों से प्रभावित नहीं होते। छवि की राजनीति में कौन विश्वसनीय है? यह चुनाव छवि के आधार पर भी लड़ा गया था। दो छवियां सामने थीं, जिसमें स्थिर, स्पष्ट, ईमानदार और काम-केंद्रित नेतृत्व था। महागठबंधन की करारी हार यह बताती है कि मनगढ़ंत आरोप, नकारात्मक राजनीति और भ्रम फैलाने से चुनाव नहीं जीते जाते। बिहार की जनता ने यह साबित कर दिया कि सुशासन ही सबसे बड़ी राजनीति है। यही कारण है कि इस बार जनता ने कटुता को नहीं, विकास, साफ छवि और कानून-व्यवस्था को चुना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# आदिवासी समाज के लिए प्रेरणा पुंज के समान है मुंडा का जीवन

आदिवासी जनजातीय समाज के हृदय सम्राट युवा क्रांतिवीर बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातु गांव में एक छोटे गरीब किसान परिवार में हुआ था। मुंडा एक जनजातीय समूह था जो छोटा नागपुर पठार झारखंड निवासी था। बिरसा की प्रारंभिक शिक्षा चाईबासा के जर्मन मिशन स्कूल में हुई। 1890 में बिरसा और उनके परिवार ने भी चाईबासा छोड़ दिया था। 1891 में बिरसा मुंडा आनंद पांडे के संपर्क में आए जो कि रामायण और महाभारत के अच्छे ज्ञाता थे। इन्होंने ब्रिटिश सरकार की शोषणकारी नीतियों के विरुद्ध जनजातीय आदि समाज को संगठित कर दो दल बनाए एक दल धार्मिक प्रचार का और दूसरा राजनीतिक गतिविधियों को संचालित करने का। जनजातीय आदि समाज में बिरसा मुंडा के बढ़ते हुए अनुयायियों को देखते हुए 1895 में इनको पहली बार गिरफ्तार किया गया। वे अपने मुंडा समाज में तब धार्मिक गुरु के रूप में स्थापित हो चुके थे। आगे चलकर धर्म सुधार का यह आंदोलन राजनीतिक आंदोलन में बदल गया। बिरसा मुंडा ने आदिवासी मूल सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए ब्रिटिश सरकार के अन्याय और शोषण के विरुद्ध एक बड़े धार्मिक आंदोलन का नेतृत्व किया जिसे उलगुलान कहा जाता है। बिरसा मुंडा पूर्ण रूपेण आदिवासी समाज के उत्थान हेतु कार्यरत रहे। जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए बिरसा ने अपने संपूर्ण आदिवासी समाज को बलिदान हेतु प्रेरित किया। बिरसा मुंडा का पूरा आंदोलन 1895 से लेकर 1900 तक चला। आदिवासी समाज पर बिरसा मुंडा की गहन पकड़ थी। उनके प्रेरक उपदेशों में उमड़ने वाली भीड़ को देखकर ब्रिटिश सरकार चिंतित हो गई थी। ब्रिटिश सरकार ने बड़ी चालाकी के साथ रात के समय में बिरसा को पकड़ कर दो वर्ष का कार्यवास दंड दिया। 30 नवंबर 1897 को जेल से इस शर्त पर इनको रिहा किया गया, वह कभी भी आंदोलन नहीं करेंगे। आदिवासी मुंडा समाज की दयनीय स्थिति को देखकर ये अपने आप को नहीं रोक सके। ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध गुप्त रूप से बिरसा ने नए आंदोलन की तैयारी शुरू की। उस समय चल रहा सरदार आंदोलन जो सुस्त हो गया था। उसके आंदोलनकारी भी बिरसा के साथ हो गए। गुप्त बैठकों में नई रणनीति बिरसा के द्वारा तैयार की गई। इसके फल स्वरूप आदिवासी जनजाति क्षेत्र खूंटी, तमाड़, सरवाडा, बंदगांव, बसिया मे उनके नेतृत्व में नई क्रांति का प्रारंभ हुआ। आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत में जहर घोल रहे ईसाई पादरियों पर इन्होंने खुलकर प्रहार किया। पादरियों के द्वारा फैलाए जा रहे अंधविश्वास का बिरसा ने जमकर विरोध किया, जिसके फलस्वरूप आदिवासी समाज में एक नई क्रांति और आत्म गौरव का जागरण हुआ। बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश सरकार से टकराने के लिए अपनी अलग सेना तैयार की।

उनकी सेना तीर कमान चलाने में पूरी तरह से कुशल थी। सन 1897 से 1900 तक बिरसा मुंडा के साथियों और अंग्रेजों में अनेक युद्ध हुए। 1898 में हुई भिड़ंत में बिरसा के 300 तीर कमान से युक्त साथियों ने अंग्रेजों को हराकर भगा दिया था। बिरसा मुंडा के आंदोलन से ब्रिटिश सरकार भयभीत हो गई थी। इस युवा क्रांति वीर ने सर्वप्रथम यह घोषणा कर दी थी कि ब्रिटिश सरकार का राज्य यहां समाप्त हो चुका है। बिरसा ने अपने आदिवासी समुदाय के बीच एक बड़ा प्रसिद्ध नारा दिया 'अबुआ दिशुम अबुआ राज' इसका अर्थ था, अपना देश अपना राज। बिरसा ने जमीदारों और ब्रिटिश पुलिस के बढ़ते अत्याचारों और शोषण का सदैव सशस्त्र क्रांति के माध्यम से विरोध किया। इनका चिंतन था कि आदर्श भूमि व्यवस्था तभी संभव हो सकती है, जब यूरोपियन अफसर और मिशनरी के लोग यहां से पूरी तरह से हट जाएं। 1899 तक इन्होंने संपूर्ण आदिवासी समाज में एक नई क्रांति का आगाज कर दिया था।

बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के अधिकारों तथा स्वतंत्रता के लिए सदैव तत्पर रहे। आदिवासी भूमि अधिकार एवं मूल पारंपरिक आदिवासी संस्कृति के संरक्षक माने जाते हैं। आदिवासी समाज में बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा दिया गया है। इनको धरती आबा अर्थात धरती का पिता कहा जाता है। ये भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी मुंडा जनजाति के लोकनायक थे। बिरसा एक युवा निडर क्रांतिकारी नेता थे। बिरसा का जीवन संघर्ष से परिपूर्ण है जो आदिवासी समाज को अन्याय शोषण के विरुद्ध खड़ा होने के लिए निरंतर प्रेरित करता है। बिरसा जीवन पर्यंत आदिवासी मूल सांस्कृतिक विरासत, आत्म सम्मान की रक्षा हेतु समर्पित रहे। संपूर्ण आदिवासी समाज के लिए उनका जीवन एक प्रेरणा पुंज के समान है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

## दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।

# आइसक्रीम की एक डिश




संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का। यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया। उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में। उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आधुनिक भारत के निर्माता जवाहर लाल नेहरु

भारत में निःसंदेह अंतर्निहित आधारभूत एकता विद्यमान रही है, जो इतनी गहरी है कि भौगोलिक या एकता रस, भाषा, आचार व्यवहार तथा सम्प्रदायों की विविधताओं से ऊपर है। विशाल समुद्र की भांति हजारों नदियां इसमें मिलती रही और अनेक तूफान आए जिससे सतह पर समुद्र ही बना रहा। यह देखकर आश्चर्य होता है कि भारत को आत्मसात करने की क्षमता तथा दूसरों के अनुरूप अपने आपको ढालने की प्रक्रिया किस तरह सतत विद्यमान रही। भारत यह सब केवल इसलिए कर सका क्योंकि स्वतंत्रता के बाद भारत को संवारने का काम नेहरु जी ने अपने हाथों में लिया। भारत के विकास में उनके योगदान के कारण ही वह आधुनिक भारत के निर्माता कहलाते हैं। - **विवेक साहू**, धमतरी

## करंट अफेयर

# बीबीसी ने भ्रामक संपादन को लेकर ट्रंप से माफी मांगी

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से छह जनवरी 2021 को दिए गए उनके भाषण के भ्रामक संपादन के लिए बृहस्पतिवार को माफी मांगी, लेकिन यह भी कहा कि वह इस दलील से पूरी तरह असहमत है कि मानहानि के मुकदमे की ठोस वजह है। बीबीसी ने कहा कि इसके चेयरमैन समीर शाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस को व्यक्तिगत रूप से एक पत्र भेजकर कहा है कि वह और बीबीसी ट्रंप के उस भाषण के संपादन पर खेद जताते हैं, जो उन्होंने अपने समर्थकों द्वारा अमेरिकी संसद भवन पर धावा बोलने से पहले दिया था।




बीबीसी ने यह भी कहा कि उस वृत्तचित्र को दोबारा प्रसारित करने की कोई योजना नहीं है, जिसमें ट्रंप के भाषण के लगभग एक घंटे के अंतराल के हिस्सों को जोड़कर प्रस्तुत किया गया था। ट्रंप के वकील ने बीबीसी को एक पत्र भेजकर माफी की मांग की थी और एक अरब डॉलर का हर्जाना देने के लिए मुकदमे की धमकी दी थी। बीबीसी के भारतीय मूल के अध्यक्ष समीर शाह ने ट्रंप के भाषण को एक वृत्तचित्र के लिए संपादित करने के तरीके में हुई 'निर्णय की त्रुटि' के लिए सोमवार को भी माफी मांगी थी।

## ऑफ बीट

# कुत्तों और इंसानों का रिश्ता 10 हजार साल से अधिक पुराना


गांव की गलियों में घूमने वाले आवारा कुत्तों से लेकर घरों में पाले जाने वाले टॉय पूडल और मास्टिफ तक, अलग-अलग रंग-रूप, आकार और व्यावहारिक गुणों वाली कुत्तों की सैकड़ों नस्लें पाई जाती हैं।



मौजूदा समय में लगभग 70 करोड़ कुत्तों के इंसानों के साथ या उनके आसपास रहने का अनुमान है। हममें से कई लोगों के लिए कुत्ते एक वफादार साथी और परिवार के प्रिय सदस्य की तरह होते हैं। और इतिहास बताता है कि कुत्तों और इंसानों के बीच रिश्तों की जड़ें सदियों पुरानी हैं। इतनी बड़ी संख्या वाले ये जीव कब अस्तित्व में आए और इंसानों के साथ इनका रिश्ता कैसे कायम हुआ? 'साइंस' पत्रिका में शुक्रवार को प्रकाशित दो नये अध्ययन इन सवालों का जवाब देने की कोशिश करते हैं। मॉन्टपेलियर विश्वविद्यालय की एलोवेन एविन के नेतृत्व में किया गया पहला अध्ययन कुत्तों के प्राचीन अवशेषों पर आधारित है। वहीं, कुनमिंग इंस्टीट्यूट ऑफ जूलॉजी के शाओ-जी झांग की अगुवाई में हुए दूसरे अध्ययन में प्राचीन पूर्वी यूरेशियन कुत्तों के डीएनए को केंद्र में रखा गया है। कुल मिलाकर दोनों अध्ययनों से पता चलता है कि कुत्तों और इंसानों के साथ उनके संबंधों की कहानी अनुमान से कहीं अधिक पुरानी और जटिल है।

## ट्रेंड

### बिहार वासियों को नमन




'बिहार भूमि' की जनता को कोटि-कोटि नमन। बिहारवासियों द्वारा एनडीए को यह प्रचंड जनादेश, बिहार में विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है।
- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### कोटि-कोटि नमन



'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा का जीवन सम्मान, समानता और स्वाभिमान के लिए जनजागरण का प्रेरणास्रोत है। स्वाधीनता संग्राम के महानायक मुंडा की जयंती के पूर्व दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं 'जनजातीय गौरव दिवस' की शुभकामनाएं।
- **योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### असम में हिंदू अल्पसंख्यक



दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में डॉक्टर जिहाद से जुड़े जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उनकी असम से तुलना नहीं की जा सकती। यहाँ स्थिति और भी गंभीर है। कई ज़िलों और गाँवों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। अस्पताल, मीडिया और ऐसे कई क्षेत्रों पर उनका पूरा नियंत्रण है।
- **हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### 'आप' पर भरोसा



तरन-तारन उपचुनाव में मिली इस ऐतिहासिक जीत ने साफ़ कर दिया है कि पंजाब की जनता को काम की राजनीति और भगवंत मान का ईमानदार नेतृत्व ही पसंद है। पंजाब ने एक बार फिर आप पर अपना भरोसा जताया है।
- **अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 15 नवंबर 2025 | अगहन कृष्ण पक्ष एकादशी | वर्ष : 25, अंक : 232 | पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00*** haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



रायपुर में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट टेस्ट, वनडे और टी-20 के मुकाबले आयोजित किए जा सकेंगे

संघ को अनुबंध के अनुसार लीज पर देने का फैसला

# अब हर साल होंगे इंटरनेशनल मैच, राज्य क्रिकेट संघ को मिला स्टेडियम, सुविधाएं होंगी अपग्रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे समय के प्रयासों के बाद कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। अब रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को दीर्घकालीन संचालन और विकास के लिए छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को अनुबंध के तहत लीज पर देने की कैबिनेट ▶▶|शेष पेज 6 पर



### रायपुर में तीनों फॉर्मेट के मुकाबले होंगे

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को लीज पर दिए जाने के बाद अब रायपुर में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट टेस्ट, वनडे और टी-20 के मुकाबले ▶▶|शेष पेज 6 पर

### क्रिकेट संघ ने माना आभार



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया ने शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर अटल नगर को दीर्घ कालीन पूर्णतः संचालन और विकास कार्यों हेतु छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को अनुबंध के अनुसार ▶▶|शेष पेज 6 पर

### 20 साल बाद अब नए रंग में दिखेगा स्टेडियम

करीब दो दशक पहले बने शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अब बड़े बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। लंबे समय से इस स्टेडियम का कोई जीर्णोद्धार नहीं हुआ था, लेकिन अब छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों पर सजाने-संवारने की योजना में जुट गया है। संघ के डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया ने बताया कि स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं संघ के विजय शाह ने कहा कि दिल्ली, मुंबई और विदेशों की तर्ज पर रायपुर में भी सुविधाएं विकसित होंगी। खिलाड़ियों के लिए स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक जिम जैसी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। संघ का लक्ष्य है कि आने वाले समय में रायपुर का यह स्टेडियम सिर्फ नाम से नहीं, बल्कि सुविधाओं के लिहाज से भी पूरी तरह इंटरनेशनल दिखे और देश-विदेश के खिलाड़ियों को यहां खेलने में गर्व महसूस हो।

आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹90680/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹110750/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹120894/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

ANAND Jewels Pandri, Raipur

inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक

# बड़ा फैसला, अमीर भी ले सकेंगे अब गरीबों के मकान, लेकिन सब्सिडी नहीं मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। राज्य में सरकार द्वारा गरीबों के लिए बनाए गए आवासों की बिक्री न होने के कारण फैसला किया गया है कि ये आवास अब किसी भी आय वर्ग के लोगों को दिए जा सकेंगे, लेकिन उन्हें अनुदान की पात्रता नहीं होगी।

**इन योजनाएं के मकान की खुली बिक्री:** मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य प्रवर्तित दीनदयाल आवास योजना, अटल आवास योजना, अटल विहार योजना एवं नवा रायपुर मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए पूर्व में जारी नियम एवं शर्तों में पात्रता के लिए निम्नलिखित अतिरिक्त प्रावधानों का समावेश कर विक्रय की अनुमति प्रदान की गई। ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय के लिए 3 बार विज्ञापन होने के बाद ▶▶|शेष पेज 6 पर

### विभाग का संविलियन

छत्तीसगढ़ शासन कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन करते हुए सार्वजनिक उपक्रम विभाग को वाणिज्य और उद्योग विभाग में और बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग का संविलियन योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। यह निर्णय शासकीय कार्य में सुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य मिनिमम गवर्मेंट मैक्सिमम गवर्नेंस का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।



- तीन विज्ञापनों के बाद भी आरक्षित भवन नहीं बिके तो बल्क में भी खरीद सकेंगे
- धान खरीदी के लिए 15 हजार करोड़ की मंजूरी

### एक साथ सारे आवास भी बेचे जा सकेंगे

सरकार ने तय किया है कि ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय के लिए 3 बार विज्ञापन होने के बाद अविक्रित भवनों को एकल व्यक्ति या शासकीय, अर्धशासकीय अथवा निजी संस्थाओं द्वारा एक से अधिक संपत्ति क्रय करने का प्रस्ताव दिया जाता है, तो एकल व्यक्ति या शासकीय, अर्धशासकीय अथवा निजी संस्था के नाम पर एक से अधिक भवनों को मांग अनुसार विक्रय किया जा सकेगा, परन्तु इन्हें शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। इस निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को इसका लाभ मिले।

### धान खरीदी के लिए 15 हजार करोड़ की मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के लिए ▶▶|शेष पेज 6 पर

### इस बार भी दलहन-तिलहन पीएसएस से खरीदी

मंत्रिपरिषद द्वारा खरीफ एवं रबी विपणन मौसम में दलहन-तिलहन फसल के उपार्जन हेतु पूर्व वर्ष की भांति प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान प्राईस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत उपार्जन किए जाने का निर्णय लिया गया। यहां यह ▶▶|शेष पेज 6 पर

### स्टेडियम अब क्रिकेट संघ के हवाले

शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नवा रायपुर अटल नगर को दीर्घ कालीन पूर्णतः संचालन और विकास कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ को अनुबंध के अनुसार लीज पर देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस निर्णय से राज्य के उदीयमान क्रिकेट खिलाड़ियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण और तकनीकी सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस निर्णय ▶▶|शेष पेज 6 पर

# आज से धान उत्सव बोहनी करेंगे साय

हड़ताल कर्मचारियों पर सरकार ने लगाया एस्मा



- 26 लाख 64 हजार से अधिक किसानों का हुआ है पंजीयन
- 18 हड़ताली बर्खास्त, प्रदेशभर में होगी यही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर राज्य के किसानों से धान की खरीदी शुरू होगी। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद जगदलपुर में खरीदी की शुरुआत करवाएंगे। इधर धान खरीदी करने वाली सोसाइटियों के प्रबंधक और धान खरीदी प्रभारी अब भी हड़ताल ▶▶|शेष पेज 6 पर

### हड़तालियों पर बर्खास्तगी का डंडा

इधर वार्ता असफल होने के बाद और खरीदी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था होने के बाद अब राज्य सरकार ने हड़तालियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की शुरुआत कर दी है। सरकार ने तय किया है कि हड़तालियों को सेवा से बाहर किया जाएगा। इस सिलसिले में जानकारी मिली है कि कबीरधाम जिले में 18 प्रबंधकों को बर्खास्त कर दिया गया है।

### हड़ताल समाप्ति की घोषणा

**बेमेतरा।** शनिवार से शुरू हो रही धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चलेगी। चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने अपना आंदोलन समाप्त कर कार्य पर वापस लौटेंगे। बेमेतरा के सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने पत्र के माध्यम से यह ▶▶|शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### 900 करोड़ ड्रग्स जब्ती में दिल्ली, जयपुर में छापे



**नई दिल्ली।** मादक पदार्थों के तस्करी गिरोहों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली-एनसीआर और जयपुर में पांच जगहों पर छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई बीते साल नवंबर में जब्त की गई 900 करोड़ रुपए की 82.53 किलो कोकीन से जुड़े मामले में की गई। ड्रग्स जब्ती के इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। इसी मामले में अब ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जड़ें खोजने के लिए कार्रवाई की है। पिछले साल ईडी की ओर से 200 किलो मादक पदार्थ की जब्ती के एक अन्य मामले में रमेश नगर के रहने वाले एक शख्स पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया गया था। ये शख्स ब्रिटेन का नागरिक था और रमेश नगर के ठिकाने पर कोकीन की खेप रखने के बाद से ही छिप गया था। एनसीबी ने इसकी जांच की और दिल्ली के जनकपुरी और नांगलोई के ठिकानों का पता चला।

### केरल हाईकोर्ट ने एसआईआर पर रोक लगाने से किया इनकार

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति वीजी अरुण ने इस संबंध में दायर राज्य सरकार की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि अन्य राज्यों की ओर से इसी तरह की याचिकाएं पहले से ही उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं। न्यायिक अनुशासन को बरकरार रखते हुए, उच्च न्यायालय ने राज्य को निर्देश दिया कि वह उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाए।

### एनएसजी ने क्रूज में किया आतंकवाद विरोधी ड्रिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा नदी पर एक 'क्रूज जहाज' पर आतंकवाद विरोधी अभ्यास किया। अधिकारियों के अनुसार, 'ऑपरेशन गंगा गार्ड' नाम से रविदास घाट पर किए गए इस अभ्यास का उद्देश्य बढ़ते खतरे से निपटने के लिए क्षमताओं को परखना है। अभ्यास में एनएसजी टीम के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस के कमांडो के अलावा आईडब्ल्यूएआई और एनडीआरएफ के अधिकारी भी शामिल हुए।

# दिल्ली धमाके के आतंकी उमर का घर सेना ने बम से उड़ाया



एजेंसी ▶▶| जम्मू

दिल्ली में कार धमाके के आतंकी उमर मोहम्मद पर बड़ी कार्रवाई हुई है। सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में स्थित उसका घर बम से उड़ा दिया है। बता दें कि उमर ही वो आई20 कार चला रहा था, जिसमें धमाका हुआ था। डीएनए से इसकी पुष्टि होने के बाद ये कार्रवाई की गई है। इससे पहले पहलगाम हमले में शामिल कई संदिग्धों के घर भी इसी तरह बम धमाके में तबाह किए गए थे। आतंकवाद के खिलाफ की जा रही कड़ी कार्रवाई के तहत सुरक्षा बलों ने इलाके को घेरकर पूरी प्रक्रिया को नियंत्रित तरीके से अंजाम दिया।


### स्विस ऐप से की थी साजिश की प्लानिंग

जांच में सामने आया है कि ब्लास्ट के मुख्य आरोपी, डॉ. उमर मोहम्मद, डॉ. मुजम्मिल अहमद और डॉ. शाहीन शाहिद, ने अपनी पूरी प्लानिंग एक एनक्रिप्टेड स्विस मैसेजिंग ऐप के जरिए बनाई और उसी से अपने आतंकी मिशन को कोऑर्डिनेट किया। वहीं फरीदाबाद पुलिस ने बताया कि यूनिवर्सिटी परिसर में खड़ी अन्य गाड़ियों की भी जांच की जा रही है और उनके मालिकों की जानकारी की पुष्टि हो रही है।

### नूंह से खरीदा अमोनियम नाइट्रेट, एक हिरासत में

दिल्ली में हुए ब्लास्ट का कनेक्शन अब हरियाणा के नूंह (मेवात) जिले के पिनगवां क्षेत्र से जुड़ गया है। दिल्ली की जांच एजेंसी ने खाद विक्रेता दिनेश सिंगला उर्फ डब्बू को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। आरोप है कि डब्बू ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टर मुजम्मिल शकील को बिना रिकॉर्ड अमोनियम नाइट्रेट उपलब्ध करवाया। उसके पास अमोनियम नाइट्रेट रखने का लाइसेंस नहीं था। बताया गया कि यही अमोनियम नाइट्रेट विस्फोट तैयार करने में इस्तेमाल हुआ।

# आंदोलनरत गन्ना किसानों ने 100 से ज्यादा ट्रैक्टर में लगाई आग



एजेंसी ▶▶| बागलकोट

- 7 नवंबर से बागलकोट, मुधोल और आसपास के इलाकों में रोड जाम

कर्नाटक के बागलकोट में गन्ना कीमत में इजाफे की मांग कर रहे किसानों का आंदोलन हिंसक हो गया है और देखते ही देखते किसानों ने रबकवी-बनहट्टी तालुक में गोदावरी शुगर फैक्ट्री में गन्ना लदे 100 से ट्रैक्टरों को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान किसानों ने जमकर पथराव भी किया जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई है।

कुछ लोग भी घायल हुए हैं। एसपी सिद्धार्थ गोयल ने बताया कि पुलिस ने बड़ी मुश्किल से हालात काबू में किए।

### किसानों की मांग 3500 रुपए टन हो खरीदी

किसान राज्य की चीनी मिलों से गन्ना की 3500 रुपए टन कीमत मांग रहे हैं जबकि चीनी मिलों के मालिकों ने 3300 टन का भाव दिया है, लेकिन किसान इस कीमत को स्वीकार करने को राजी नहीं हैं। राज्य के कई जिलों में 7 नवंबर से गन्ना किसान बढ़ी हुई कीमत को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# रेलिंग तोड़ खाई में गिरी कार बच्चे सहित पांच लोगों की मौत



**रतलाम।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में एक बच्चे सहित 5 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रतलाम जिले के माही क्षेत्र में एक तेज रफ्तार एक्सयूवी 700 कार अचानक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए लगभग 50 फुट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे की आवाज सुन आसपास मौजूद लोग कुछ ही पलों में मौके पर पहुंच गए जिन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मृतकों की पहचान की जा रही है, ताकि उनके परिजनों को सूचना दी जा सके।

घटना की जांच जारी- पुलिस ने कहा- चश्मदीदों के बयान मौके की स्थिति और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह पता लगाया जाएगा कि यह दुर्घटना लापरवाही, तेज रफ्तार या किसी तकनीकी खामी के कारण हुई।

### कार के परखच्चे उड़े शव बुरी तरह फंसे

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एक्सप्रेस-वे पेट्रोलिंग टीम तुरंत मौके पर पहुंची। कार पुल से करीब 50 फीट नीचे पत्थरों और झाड़ियों के बीच गिरी थी, जिसके कारण वह पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। गैस कटर की मदद से कार को काटकर शवों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। यह मंजर देखकर हर कोई स्तब्ध था।

### ड्राइवर स्टेरिंग से खो बैठा नियंत्रण

जानकारी अनुसार कार दिल्ली से मुंबई जा रही थी। सुबह करीब 6 बजे यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कार तेज रफ्तार में दौड़ रही थी। माही क्षेत्र में आते ही कार अचानक बेकाबू हुई और ड्राइवर वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। चंद सेकंड में ही कार रेलिंग को तोड़ती हुई सीधे खाई में समा गई।

इंडिया ए के लिए लगा दी रिकॉर्ड्स की झड़ी, मैदान के चारों ओर लगाए शॉट

# वैभव ने ठोके 42 गेंद में 144 रन, दूसरा सबसे तेज टी20 शतक

एजेंसी ▶▶| दोहा

वैभव सूर्यवंशी ने राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 में इंडिया ए के पहले मुकाबले में शतक ठोक दिया। उन्होंने यूएई के खिलाफ ओपनिंग करते हुए 42 गेंद में 144 रन की विस्फोटक पारी खेली। वैभव सूर्यवंशी ने इस दौरान 11 चौके व 15 छक्के लगाए। इस पारी के दम पर उन्होंने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। घरेलू क्रिकेट, अंडर 19 और आईपीएल में धूम मचाने के बाद अब इंडिया ए के लिए खेलते हुए वैभव ने धमाल मचाया। वैभव ने यूएई के खिलाफ मुकाबले में 17 गेंद में फिफ्टी और 32 गेंद में शतक लगाया।




### वैभव ने 93 फीसदी रन चौके-छक्कों से बनाए

वैभव ने 144 में से 134 रन चौके-छक्कों से बनाए। उनके 93.05 प्रतिशत रन बाउंड्री से आए। दुनिया में केवल तीन ही बल्लेबाज हैं, जो टी20 क्रिकेट में इससे ज्यादा रन चौके-छक्कों से बना सके हैं। यूएई के खिलाफ मुकाबले में वैभव की स्ट्राइक रेट 324.85 की रही। यह पुरुष टी20 शतकों में चौथी सर्वाधिक स्ट्राइक रेट है।

### सबसे तेज टी20 शतक लगाने वाले भारतीय

- 28 गेंदें : उर्विल पटेल- गुजरात बनाम त्रिपुरा (2024)
- 28 गेंदें : अभिषेक शर्मा- पंजाब बनाम मेघालय (2024)
- 32 गेंदें : ऋषभ पंत- दिल्ली बनाम हिमाचल प्रदेश (2018)
- 32 गेंदें : वैभव सूर्यवंशी - भारत ए बनाम यूएई (2025)

### वैभव ने की 342.85 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग

टूर्नामेंट के पहले मैच में ही वैभव ने ये कमाल किया। हालांकि ये बैटर 42 गेंदों पर 144 रन की पारी खेल आउट हो गया। वैभव ने 342.85 की स्ट्राइक रेट से बैटिंग की, जिसमें उन्होंने कुल 15 छक्के और 11 चौके लगाए। वैभव जिस तरह से खेल रहे थे उससे लग रहा था कि वो दोहरा शतक ठोक सकते हैं। वैभव किसी भी गेंदबाज को नहीं छोड़ रहे थे और हर गेंद पर अटैक कर रहे थे। वैभव ने इंडिया ए के लिए पहले मैच में ही 17 गेंदो पर ताबड़तोड़ अर्धशतक ठोक दिया। हालांकि, पहली गेंद पर उनका कैच छूटा था।

# बदली निवेशकों की पसंद, अब बड़े आईपीओ में खूब सब्सक्रिप्शन

- पहले निवेशकों को बड़े आईपीओ आकर्षित नहीं कर पाते थे

**मुंबई।** इन दिनों आईपीओ मार्केट की हवा खराब है। कल ही बड़ी मुश्किल से फिजिक्सवाला का आईपीओ भरा है। लेकिन कुछ आईपीओ में ट्रेंड बदला है। पहले जहां बड़े आईपीओ निवेशकों को खास आकर्षित नहीं कर पाते थे, वहीं इस साल के कुछ आईपीओ ने यह ट्रेंड बदल दिया है। इस साल बड़े आईपीओ को भी निवेशकों से ज़बरदस्त मांग मिल रही है। 5,000 करोड़ रुपए से बड़े आईपीओ में इस साल औसतन 17.7 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। यह 2021 के बाद सबसे ज़्यादा है और पिछले सालों के 8-10 गुना के औसत से काफी बेहतर है।

**छह में चार ब्लॉकबस्टर-** इस साल अब तक लांच हुए छह बड़े आईपीओ में से चार तो 'ब्लॉकबस्टर' साबित हुए हैं। इन्हें डबल डिजिट में सब्सक्रिप्शन मिला है। इनमें एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (38.17 गुना), लेंसकार्ट सॉल्यूशंस (28.35 गुना), एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज और ग्रो (दोनों 17.6 गुना) शामिल हैं। वहीं, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज और टाटा कैपिटल के आईपीओ में क्रमशः 2.27 गुना और 1.96 गुना सब्सक्रिप्शन के साथ थोड़ी कम प्रतिक्रिया मिली।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल की 33वीं बैठक

# प्रदेश में 14 नई सिंचाई परियोजनाओं को मिली सैद्धांतिक सहमति

## सरगुजा बस्तर में होगा सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, एक लाख हेक्टेयर में होगी अतिरिक्त सिंचाई

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल की 33वीं तथा वर्तमान सरकार के कार्यकाल की पहली बैठक हुई। बैठक में प्रदेश की सिंचाई क्षमता बढ़ाने, भूजल स्तर सुधारने और शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने पर विस्तृत विमर्श किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों के लिए 14 नई परियोजनाओं को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि और कृषि उत्पादन बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सिंचाई नेटवर्क का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिंचाई रकबा बढ़ने से न केवल किसानों को लाभ मिलेगा बल्कि भूजल स्तर में सुधार होगा और पेयजल आपूर्ति को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकेगा।

बैठक में सरगुजा, बस्तर सहित मैदानी इलाकों तक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार पर व्यापक चर्चा की गई।



मुख्यमंत्री ने सभी परियोजनाओं की रूपरेखा, लागत और उनके लाभों की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि प्रदेशभर में संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए इन परियोजनाओं को गति प्रदान की जाएगी।

गौरतलब है कि इन परियोजनाओं के माध्यम प्रदेश में लगभग 01 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। इन परियोजनाओं में बस्तर जिले के अंतर्गत देउरगांव बैराज सह उदवहन सिंचाई परियोजना, बस्तर जिले के अंतर्गत मटनार बैराज सह उद्धवहन सिंचाई परियोजना, रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग में महानदी पर मोहमेला सिरपुर बैराज योजना, अहिरन से गाजरीनाला जल संवर्धन निर्माण (खारंग अहिरन लिंक परियोजना) कार्य, बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड अंतर्गत छपराटोला फीडर जलाशय परियोजना, कुम्हारी जलाशय जल क्षमता वृद्धि (जलावर्धन) योजना के अंतर्गत समोदा बैराज से कुम्हारी जलाशय तक पाईप लाईन बिछाने का कार्य, दुर्ग जिले के विकासखण्ड धमधा के सहगांव उद्धवहन सिंचाई योजना, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में लमती फीडर जलाशय एवं नहरों का निर्माण कार्य, राजनांदगांव जिले में स्थित मोहारा एनीकट में पेय जल हेतु चौकी एनीकट से मोहारा एनीकट तक पाईप लाईन के माध्यम से जल प्रदाय योजना, जशपुर जिले के मैनी नदी में बगिया बैराज सह दाबयुक्त उद्धवहन सिंचाई योजना की स्वीकृति, जांजगीर-चांपा जिले के हसदेव बांगों परियोजना अंतर्गत वृहद परियोजना ऑगमेण्टेशन के अंतर्गत परसाही दाबयुक्त उद्धवहन सिंचाई परियोजना, कोरबा जिले के अंतर्गत मड़वारानी बैराज निर्माण सह उदवहन सिंचाई योजना, गरियाबंद जिले के पैरी परियोजना के अंतर्गत सिकासार जलाशय से कोडार जलाशय लिंक नहर (पाईप लाईन) योजना तथा बिलासपुर जिले के खारंग जलाशय योजना के बाएं तट नहर के आर्वधन हेतु पाराघाट व्यपवर्तन योजना से उद्धवहन फीडर सिंचाई का निर्माण कार्य शामिल किया गया है।

### शामिल हुए मंत्री, अधिकारी

बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव रोहित यादव, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश कुमार बंसल, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके सहित जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## अब फसलों, मिट्टी और पानी में कीटनाशक अवशेषों की निगरानी करेगा कृषि विश्वविद्यालय

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को एक और उपलब्धी हासिल हुई है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित फाइटोसैनिटरी लैब अब छत्तीसगढ़ में विभिन्न खाद्यान्न फसलों, फलों, सब्जियों आदि के साथ ही मिट्टी, पानी जैसे पर्यावरणीय घटको में भी कीटनाशक अवशेषों की निगरानी करेगी। भारत सरकार के कृषि एवं किसान मंत्रालय द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के आण्विक जीव विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित फाइटोसैनिटरी प्रयोगशाला को राष्ट्रीय कीटनाशक अवशेष निगरानी योजना के तहत अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। कृषि विश्वविद्यालय की फाइटोसैनिटरी लैब यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली छत्तीसगढ़ की एकमात्र तथा देश की 36वीं प्रयोगशाला है, जिसे इस राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम में शामिल किया गया है।

- कृषि विवि की फाइटोसैनिटरी लैब को भारत सरकार से मिली मान्यता, कीटनाशक अवशेषों की निगरानी करने वाला छत्तीसगढ़ का एकमात्र केन्द्र होगा

### मिट्टी-पानी में भी कीटनाशक अवशेषों की निगरानी हो सकेगी

भारत सरकार की इस योजना का उद्धेश्य खाद्य पदार्था, मिट्टी एवं जल जैसे पर्यावरणीय नमूनों में कीटनाशक अवशेषों की नियमित निगरानी कर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, जल गुणवत्ता का मूल्यांकन करना तथा एकीकृत कीट प्रबंधन एवं उत्तम कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहन देना है। प्रयोगशाला को मान्यता मिलने से प्रदेश के किसानों की फसलों के साथ-साथ यहां की मिट्टी-पानी में भी कीटनाशक अवशेषों की निगरानी हो सकेगी। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रयोगशाला से संबंधित वैज्ञानिकों एवं उनके सहयोगियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह उपलब्धि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक उत्कृष्टता तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं किसान कल्याण के प्रति विश्वविद्यालय की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### राज्य सरकार से नियमित सहायता प्राप्त हो रही

बता दें कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में फाइटोसैनिटरी प्रयोगशाला की स्थापना राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त वित्तीय सहायता से हुई है। इस प्रयोगशाला के संचालन के लिए भी केन्द्र और राज्य सरकार से नियमित सहायता प्राप्त हो रही है। प्रयोगशाला में खाद्य पदार्थों में कीटनाशक अवशेषों, हेवी मेटल्स, सूक्ष्मजीवों आदि की जांच की जाती है जिससे इनके निर्यात हेतु मदद मिलती है।

## सहकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बर्खास्त, कई अन्य पर भी कार्रवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ धान खरीदी शुरू होने के पहले 3 नवंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल कर रहे सहकारी सोसाइटियों के प्रबंधकों और कंप्यूटर आपरेटरों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई शुरू हो गई है। सहकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू सहित कई अन्य को बर्खास्त कर दिया गया है। बताया गया है कि यह कार्रवाई पूरे प्रदेश में चलेगी।

पैक्स समितियों के सहकारी कर्मचारी संघ एवं कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। राज्य शासन के अधिकारियों द्वारा हड़ताली कर्मचारियों से मांगों के संबंध में चर्चा की गई, किन्तु कर्मचारी अपनी मांगों पर अडिग बने हुए हैं। हड़ताल के कारण समितियों में लोकहित में धान खरीदी की तैयारी, रबी ऋण वितरण, पीडीएस आदि गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। हड़ताली कर्मचारियों को कार्य पर लौटने के निर्देश दिए गए थे तथा सक्षम अधिकारी द्वारा कार्य पर उपस्थित होने का नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बावजूद समिति प्रबंधक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर कार्य पर उपस्थित नहीं हुए और न ही किसी प्रकार का लिखित जवाब प्रस्तुत किया। समितियों के संचालक मंडल ने इसे गंभीर दुराचार मानते हुए संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

14 नवंबर को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छाती, जिला धमतरी के प्रबंधक एवं सहकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र साहू, बोरतलाव समिति, जिला राजनांदगांव के प्रबंधक ईश्वर श्रीवास; पैक्स सोसाइटी चांपा के प्रबंधक गोविंद नारायण मिश्रा; समिति प्रबंधक गठुला, जिला राजनांदगांव के किशुन देवांगन तथा सेवा सहकारी समिति लखनपुर के प्रबंधक चंद्रप्रताप सिंह की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इस कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई के बाद प्रदेश के अनेक समिति प्रबंधक एवं कर्मचारी कार्य पर लौटने लगे हैं।

## छात्रा से मोबाइल लूट, महिला से आटो में चेन स्नैचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली तथा सिविल लाइंस थाना में छात्रा तथा महिला के साथ लूट की वारदात हुई है। ट्यूशन से लौट रही छात्रा का बाइक सवार अज्ञात बदमाश ने महंगा मोबाइल लूट लिया। एक अन्य घटना में ऑटो सवार चार अज्ञात महिलाओं ने महिला के साथ चेन स्नैचिंग की है। दोनों घटना में पुलिस एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी कर रही है। कोतवाली थाना में बल्लभ नगर निवासी मोहम्मद याकूब गनी ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। याकूब ने पुलिस को बताया है कि बुधवार शाम साढ़े छह बजे के करीब उसकी बेटी अलफिया ट्यूशन से लौट रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक पीछे से आया और हाथ में पकड़े आईफोन 13 को झपट्टा मारकर फरार हो गया। मोबाइल लूटे जाने के बाद छात्रा ने शोर मचाया। लोग जब तक बदमाश का पीछा कर पाते, बदमाश मौके से फरार हो चुका था। बदमाश की पहचान करने पुलिस मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

## संभाग कमिश्नर कार्यालय नए भवन में शिफ्ट

**रायपुर।** हरिभूमि की प्रकाशित खबर के एक दिन बाद ही रायपुर संभाग कमिश्नर कार्यालय नए भवन में शिफ्ट हो गया। दो दिन पहले तक 80 प्रतिशत कार्यालय ही नए भवन में शिफ्ट हो पाया था, वहीं शेष 20 प्रतिशत कार्यालय को भी अब शिफ्ट कर दिया गया है। इसी के साथ ही संभाग कमिश्नरी में होने वाली सभी कार्य के साथ कोर्ट भी अब नए भवन में लगने लगा है। इधर रायपुर संभाग कमिश्नर भवन के शिफ्ट होने के बाद पुराना भवन खाली हो गया है। इस भवन में अब एसपी कार्यालय शिफ्ट होना है। बताया जा रहा है कि इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। तीन मंजिला नया संभाग कमिश्नर भवन के ग्राउंड फ्लोर को पार्किंग बनाया गया है। इस भवन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के साथ यहां पहुंचने वाले लोग भी अपने वाहन यहां पार्क कर पाएंगे।

भवन के फर्स्ट फ्लोर को दो हिस्से में बांटा गया है, जिसमें एक हिस्से में संभाग आयुक्त, उपायुक्त के कक्ष तथा कोर्ट रूम बनाए गए हैं, वहीं दूसरी हिस्से में अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी के कक्ष बनाए गए हैं। सेकेंड फ्लोर में अन्य दफ्तर शिफ्ट किए गए हैं। फर्स्ट एवं सेकेंड फ्लोर में जाने-आने के लिए सीढ़ी के साथ लिफ्ट भी लगाई गई है। इसके अलावा मीटिंग हॉल भी बना है। मीटिंग हॉल फर्स्ट फ्लोर में है।


## नक्सलियों के आश्रय स्थल जाटलूर में खुला 16वां सुरक्षा एवं जनसुरक्षा कैम्प

# माड़ के जाटलूर में नक्सली स्मारक ध्वस्त, चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नारायणपुर जिले के ओरछा से 25 किमी दूर जाटलूर में नया सुरक्षा कैम्प खुलते ही जवानों ने नक्सली द्वारा स्थापित स्मारक को भी ध्वस्त करके ग्रामीणों के बीच भयमुक्त वातावरण का निर्माण तथा पुलिस और ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित करने में सफल रही। मारे गए नक्सलियों की याद में बनाए गए आश्रय स्थल व विशाल स्मॉरक पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। गौरतलब है कि शुक्रवार को अबूझमाड़ के जाटलूर में नारायणपुर पुलिस ने नवीन कैंप खोला और नक्सलियों के स्मारक पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। माड़ बचाव अभियान के अन्तर्गत माओवादियों के आश्रय स्थल जाटलूर में नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप खुलने के बाद ग्रामीणों ने नक्सलवाद की खात्मा और माओवादियों का सहयोग नहीं करने का संकल्प लिया। इस दौरान बच्चों ने भारत माता की जय के नारे लगाए।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि थाना ओरछा के ग्राम जाटलूर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों एवं ओरछा-आदेर-लंका एक्सिस तक सड़क निर्माण कार्य में सुरक्षा प्रदान करने एवं विकास कार्यों में सहयोग पहुंचाने के उद्देश्य से नारायणपुर पुलिस डीआरजी, बस्तर फॉइटर एवं आईटीबीपी 27वीं 38 वीं 40वीं 44 वीं बटालियन के द्वारा घोर नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र माओवादियों के आश्रय स्थल ग्राम जाटलूर में नवीन कैम्प



### माओवादी संगठन पूरी तरह से घिर चुका है

जाटलूर में नवीन कैम्प स्थापित होने से आसपास के क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा। वर्तमान परिस्थितियों में माओवादी संगठन पूरी तरह से घिर चुका है और अब उनके पास हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के अलावा कोई अन्य विकल्प शेष नहीं रह गया है। पिछले 20 माह में 447 माओवादी कैडर्स का शव बरामद किया जा चुका है और शांतिपूर्ण और नक्सलमुक्त बस्तर का हमारा लक्ष्य स्पष्ट है।

-सुन्दरराज पट्टलिंगम, आईजी बस्तर



### माड़ में एक वर्ष में खुला 16वां सुरक्षा एवं जन सुविधा कैम्प

पिछले एक वर्ष के अंतराल में माड़ में खोले जाने वाला यह 16 वां सुरक्षा एवं जन सुविधा कैम्प है। नारायणपुर पुलिस व आईटीबीपी 44 वीं बटालियन ने जाटलूर जन सुविधा एवं सुरक्षा कैम्प खुलने के बाद स्थानीय लोगों को नक्सल हिंसा से निजात दिलाने में निर्भीक होकर जी सकेंगे। इस नवीन कैम्प जाटलूर को स्थापित करने में नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉइटर एवं आईटीबीपी के अधिकारी व जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास

**तुला:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक:** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु:** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर:** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ:** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन:** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

# आयुष्मान योजना में गड़बड़ी, रायपुर में 9 निजी अस्पतालों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सहायता योजना के मापदंडों पर खरे नहीं उतरने वाले अस्पतालों पर एक बार फिर कार्रवाई का दौर शुरू हो गया है। धमतरी में 1 और महासमुंद के 3 निजी हास्पिटलों को 3-3 माह के लिए योजना से निलंबित किया गया है। रायपुर जिले में 9 हास्पिटलों के खिलाफ कार्रवाई की पूरी तैयारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार इस मामले में निजी अस्पताल पहुंचकर जांच कर रही है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पंजीकृत महासमुंद जिले के तीन निजी अस्पताल महानदी हॉस्पिटल महासमुन्द, सेवा भवन हॉस्पिटल जगदीशपुर पिथौरा एवं अंबिका हॉस्पिटल खरखरी सरायपाली द्वारा योजना के दिशा-निर्देशों का पालन न करने के कारण आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से 03 माह के लिये निलंबित किया गया है। अफसरों के अनुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज की सुविधा नहीं मिलेगी। इसके पूर्व योजना से धमतरी जिले के नंदा हास्पिटल पर निलंबन की गाज गिरी थी। इस हास्पिटल के खिलाफ एक मरीज ने अतिरिक्त बिल लेने की शिकायत की थी। जांच में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद प्रार्थी को अतिरिक्त राशि 30 हजार वापस कराई गई और अस्पताल को योजना से निलंबित किया गया। कुछ इसी तरह की कार्रवाई रायपुर जिले के निजी अस्पतालों में किए जाने की तैयारी है। यहां के 9 अस्पतालों को इसके लिए सूचीबद्ध किया गया है। इनमें से एक अस्पताल पर बड़ी और बाकी पर कुछ महीने के निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

## चारों श्रेणियों में 'टॉप अचीवर' बना छग दिखाया विकास का नया मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर देशभर में अपनी पहचान सुधार और विकास के नए प्रतीक के रूप में दर्ज कराई है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित 'उद्योग संगम' में राज्य को बिज़नेस रीफॉर्म एक्शन प्लान की चारों प्रमुख श्रेणियों में 'टॉप अचीवर' घोषित किया गया। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ अब न केवल नीति निर्माण में, बल्कि नीति क्रियान्वयन में भी अग्रणी राज्यों की पंक्ति में शामिल हो चुका है। यह उपलब्धि उस परिवर्तन यात्रा की गवाही है जो छत्तीसगढ़ ने बीते वर्षों में तय की है। कभी बीआरएपी रैंकिंग में निचले पायदान पर रहने वाला यह राज्य आज गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे औद्योगिक दिग्गजों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

## शब्द पहेली - 6048



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 6047 का हल



## सूडोकु नवताल - 6058

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6057 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# बिहार के नतीजों पर सोशल मीडिया में मीम्स की बाढ़


















## बिहार में बुझी तेजस्वी की लालटेन महिला व युवा वोटरों ने किया कमाल

# तेजस्वी का एमवाय समीकरण नहीं रोक पाया नीतीश का तीर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित रहे। एनडीए जहां सीटों की डबल सेंचुरी लगा चुका है वहीं महागठबंधन 50 पार भी नहीं जा सका। बिहार चुनाव के नतीजों में हार के साथ तेजस्वी यादव की पार्टी राजद की लालटेन बुझ गई। इसके पीछे स्पष्ट तौर पर उनके पिता लालू प्रसाद यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल की छाया है। भाजपा ने लालू के कार्यकाल को जंगलराज का ठप्पा देते हुए इसे नारे में तब्दील कर दिया और तेजस्वी और उनके परिवार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को भी उजागर किया। तेजस्वी यादव ने पलटवार करते हुए राजद के शासन को जंगल राज बताते हुए मौजूदा सरकार को राक्षस राज करार दिया। 171 जनसभाओं में उन्होंने बेचैन मतदाताओं को यह विश्वास दिलाया कि उनका ध्यान बेरोजगारी, आरक्षण और संविधान बचाने जैसे मुद्दों पर केंद्रित है, वह मनचाहा बदलाव ला सकते हैं, लेकिन मतदाता उनके वादों से संतुष्ट नहीं हुए।

## आइए जानते हैं महागठबंधन की अगुवाई कर रहे लालू के लाल के पिछड़ने के कारण



### पिता को पोस्टरों से हटाया पर आरोप न हटे

जंगल राज का ठप्पा हटाने के लिए तेजस्वी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव को पोस्टरों से हटा दिया, लेकिन फिर भी उन्हें अपने परिवार की विवादास्पद विरासत का खामियाजा भुगतना पड़ा. रुझानों के अनुसार, राजद 34 सीटों के साथ आगे चल रही थी, जो 2020 के चुनावों की तुलना में 41 सीटों का नुकसान दर्शाता है। इसके अलावा, गठबंधन सहयोगी कांग्रेस भी 8 सीटों पर आगे चल रही थी, जो 2020 के चुनावों की तुलना में 11 सीटों से पीछे थी। भाजपा और जद(यू) दोनों ही नियमित रूप से राजद के 15 साल के कुशासन की यादें ताज़ा करते रहे. तेजस्वी पर कथित **IRCTC** होटल मामले में भ्रष्टाचार के आरोप भी हैं। राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने हाल ही में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी की **IRCTC** होटल भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई के खिलाफ याचिका खारिज कर दी।

### भाजपा से 2 फीसदी तो जदयू से 4% अधिक वोट फिर भी हार गए तेजस्वी

चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, मौजूदा रुझानों में बीजेपी को 92, जदयू को 83, आरजेडी को 26, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 19 और कांग्रेस को सिर्फ 5 सीटें मिलती नजर आ रही हैं। भले ही बीजेपी सीटों में सबसे आगे हो, लेकिन वोट प्रतिशत के मामले में वह आरजेडी से पीछे है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आरजेडी: 22.81%, बीजेपी: 20.52%, जदयू: 18.98%, कांग्रेस: 8.75%, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास): 5.03% मिले हैं। सीटों में दूसरे नंबर पर चल रही जदयू वोट शेयर में भी तीसरे पायदान पर है।

#### चुनाव में कितनी सीटों पर लड़ीं पार्टियां

- बीजेपी: 101 सीटें
- जदयू: 101 सीटें
- लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास): 29 सीटें हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर): 6 सीटें
- राष्ट्रीय लोक मोर्चा: 6 सीटें

#### महागठबंधन की प्रमुख पार्टियां

- आरजेडी: 143 सीटें
- कांग्रेस: 61 सीटें
- वीआईपी: 15 सीटें

## बिहार चुनाव में निभाया फिनिशर का रोल!

# एनडीए के लिए 'रविंद्र जडेजा' साबित हुए चिराग

बिहार चुनाव में एनडीए की आंधी चल गई। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हनुमान' कहे जाने वाले चिराग पासवान सबसे ज़्यादा चर्चा में हैं। वे एक्स फैक्टर बनकर उभरे हैं। चिराग पासवान की पार्टी ने इस चुनाव में जिस तरह प्रदर्शन किया है, उसने सभी को चौंकाया है। पार्टी उन सीटों पर चुनाव लड़ रही थी जिन्हें काफी मुश्किल माना गया, कई तो ऐसी भी सीटें रहीं जहां पर एनडीए का प्रदर्शन पिछले चुनावों में निराशाजनक रहा। अभी तक के रुझान बता रहे हैं कि चिराग की पार्टी ने 19 सीटें जीत लीं। यह आंकड़ा बताने के लिए काफी है कि चिराग का चुनावी दबदबा कम नहीं हुआ है। जितनी सीटें उन्होंने मांगी थीं, उसके लगभग बराबर एनडीए को जीतकर भी दे दी हैं। 29 सीटों पर लड़कर अगर 21 सीटों पर चिराग पासवान की पार्टी जीत रही है तो उनका स्ट्राइक रेट 72.41% है। ये किसी भी लिहाज से अप्रत्याशित है। यह बताता है कि मोदी के 'हनुमान' ने एनडीए को जबरदस्त मजबूती दी है।

### जहां कभी नहीं जीते वहां भी किया कमाल



### यह है चिराग का वोट बैंक

चिराग की पार्टी को पासवान, अन्य अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं। नतीजों से स्पष्ट है कि पार्टी ने अपना वोटबैंक एकजुट रखा है। जानकार मानते हैं कि अगर पिछले विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान ने खुद को एक 'बागी' के रूप में दिखाया था, इस बार के चुनाव में उन्होंने खुद को एक 'युवा बिहारी' नेता के रूप में स्थापित किया, बिहारी फर्स्ट वाला उनका नारा एकदम सटीक बैठा। उन्हें अपना कोर वोट तो मिला ही, इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का भी फायदा मिला। यानी कि कोर वोटबैंक प्लस मोदी मैजिक ने चिराग को इस बिहार चुनाव में सबसे बड़ा एक्स फैक्टर बना दिया है।

# राहुल का हाइड्रोजन बम फुस्स नहीं चला 'वोट चोरी' वाला दांव

बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस इस बार अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा और चुनाव आयोग की मतदाता सूची में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) को लेकर चलाए गए 'वोट चोरी' अभियान ने महागठबंधन के हक में कोई माहौल नहीं बनाया। ये यात्रा 17 अगस्त को सासाराम से शुरू हुई और एक सितंबर को पटना में खत्म हुई। 16 दिनों की इस यात्रा में 25 जिलों को कवर किया गया और महागठबंधन के सभी दलों के नेता शामिल हुए। लेकिन इसके बावजूद 'वोट चोरी' का नारा जनता में असर नहीं छोड़ पाया। महागठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने नतीजों के बाद माना कि शुरुआत से ही इस मुद्दे को लोगों का

### बुरी तरह फ्लॉप हुई कांग्रेस का एसआईआर का मुद्दा



समर्थन नहीं मिला। महागठबंधन के एक बड़े नेता ने कहा कि हम एसआईआर और वोट चोरी को लेकर कोई बड़ा उदाहरण जनता के सामने नहीं रख पाए। हम ये भी दिखा नहीं पाए कि आखिर कितने बिहारी मताधिकार से वंचित हुए। इससे हमारा पूरा अभियान कमजोर पड़ गया।

### एनडीए को मिला फायदा

कई राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि ये मुद्दा उठाने से फायदा उलटा एनडीए को मिल गया जो 20 साल की सरकार के बाद एंटी-इनकंबेंसी का सामना कर रहा था। राहुल गांधी ने अपनी लगभग 70-80% रैलियों और प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसआईआर और 'वोट चोरी' पर ही बात की, जबकि बेरोजगारी, पलायन, कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार जैसे मुख्य मुद्दे पीछे रह गए। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हमें जदयू-भाजपा को बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर घेरना चाहिए था लेकिन हमारी पूरी ऊर्जा वोटर अधिकार यात्रा में ही खर्च हो गई।

# 6 सीएम बनवाने वाले की 98 फीसदी सीटों पर जमानत जब्त

प्रशांत किशोर व उनकी जन सुराज पार्टी बिहार चुनाव में बेअसर रही। 6 साल में 6 सीएम बनवाने वाला ये शख्स जब खुद बिहार जीतने निकला तो एक भी सीट नहीं जीत पाया। 1 करोड़ से ज्यादा सदस्यों का दावा करने वाली जनसुराज पार्टी को महज 10 लाख वोट भी नहीं मिले। 238 सीटों पर कैंडिडेट उतारे, उसमें से 233 सीटों मतबल 98% सीटों पर जमानत जब्त हो गई। प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी के प्रदर्शन की बात करे तो 238 में से 233 कैंडिडेट मतलब 98% की जमानत जब्त हो गई है। पार्टी एक सीट मढ़ौरा पर दूसरे नंबर तक पहुंच पाई। वह भी तब जब एनडीए के प्रत्याशी का नामांकन खारिज हो गया था। जनसुराज को पार्टी को करीब 2% वोट मिलता है। इससे अच्छा प्रदर्शन तो असदुद्दीन

### पीके रहे फीके, मिली जीरो सीट, 10 लाख भी नहीं मिले वोट



ओवैसी की एआईएमआईएम और मायावती की बीएसपी की है। एआईएमआईएम 28 सीटों पर चुनाव लड़ी और उसे 2% वोट शेयर के साथ 5 सीटों पर जीत मिलती दिख रही है। जबकि, 181 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली बीएसपी को 1.5% वोट शेयर के साथ एक सीट पर जीत मिल रही है।

### राजनीति छोड़ने का किया था दावा


चुनाव के प्रचार के दौरान प्रशांत किशोर ने दावा किया कि नीतीश कुमार अब मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। उनकी सरकार जा रही है। 9 नवंबर को एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा- नीतीश सरकार जा रही है। 14 नवंबर के बाद नई सरकार आएगी। 7 अक्टूबर को एक इंटरव्यू में उन्होंने ये तक कहा कि जदयू की 25 से कम सीटें आएंगी। अगर ज्यादा सीट आई तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। अब जबकि एनडीए न सिर्फ सरकार में लौटी है, बल्कि पिछली बार से अच्छा प्रदर्शन करते हुए 200 पार हो गई है जदयू 85 सीटें जीत चुकी है।

## बिहार चुनाव में जीत के बाद भाजपा ने किया कटाक्ष

# 'अब तक 95 चुनाव हारे राहुल, गिनती जारी है'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मिली शानदार और निर्णायक बढ़त के बाद भगवा पार्टी ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। एनडीए ने दो-तिहाई बहुमत से अधिक सीटें हासिल कर ली हैं, जबकि कांग्रेस और राजद (राजद) के नेतृत्व वाला महागठबंधन बुरी तरह हारा है। भाजपा ने इस जीत को भुनाते हुए विपक्षी एकता और विशेष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'राहुल गांधी नंबर वन हैं- निर्विवाद, अप्रतिद्वंद्वी और अपराजेय।' उन्होंने यह भी जोड़ा कि '95 चुनाव हारे और गिनती जारी है। यह कोई संयोग नहीं है कि यह जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन पर होता है।'




*हारने का पुरस्कार जीत लेते : भाजपा नेता अमित मालवीय ने राहुल गांधी का मजाक उड़ाते हुए कहा, 'राहुल गांधी! एक और चुनाव, एक और हार! यदि चुनावी हार में निरंतरता के लिए कोई पुरस्कार होता तो वह उन सभी को जीत जाते। इस गति से तो पराजय भी सोच रही होगी कि वह उन्हें इतनी मजबूती से कैसे ढूंढ लेते हैं।'*




### कबीर के दोहे से किया तंज

वहीं, सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर तंज कसने के लिए कवि कबीर दास के दोहे का सहारा लिया। उन्होंने कहा, 'बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलया कोई। जो मन खोजा अपना, तो मुझसे बुरा न कोई।' उन्होंने कांग्रेस से परिणाम की सटीकता की पुष्टि के लिए मतदाता सूचियों को सत्यापित करने का भी आग्रह किया।



# ट्यूबलेस नहीं, अब आ गया 'एयरलेस टायर'! कीमत नॉर्मल टायर से अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ पंक्चर से जुड़ी आम समस्या का समाधान माना जा रहा

तकनीकी के लगातार बढ़ते दौर में ऑटोमोबाइल सेक्टर भी पीछे नहीं है। एक समय था जब गाड़ियों में ट्यूब वाले टायर हुआ करते थे, उसके बाद ट्यूबलेस टायर आए और अब ऑटोमोबाइल तकनीक ने नई छलांग लगाई है।

दरअसल अब मार्केट में एयरलेस टायर आने लगे हैं। यह टायर ड्राइवर की पंक्चर से जुड़ी आम समस्या का सबसे बड़ा समाधान माना जा रहा है, जो लगभग हर किसी को झेलनी पड़ती है। एयरलेस टायर को चलाने के लिए हवा की जरूरत नहीं होती है। इन्हें ऐसे डिजाइन से तैयार किया गया है जिससे कम रखरखाव और कम खतरे के साथ इस्तेमाल किया जा सकता है। एक एयरलेस टायर खरीदने के लिए कस्टमर को ट्यूबलेस टायर से अधिक पैसे खर्च करना होगा।

## सबसे सस्ते एयरलेस टायर की कीमत 10,000 से 20,000 के बीच

### क्यों खास है एयरलेस टायर?

एयरलेस ऐसे टायर होते हैं जिन्हें हवा की जरूरत नहीं होती है। उन्हें फुलाने की बजाय ऐसे डिजाइन किया गया है जो बिना डिफ्लेशन या पंक्चर के गाड़ी में फिट हो जाते हैं। इसके अंदर हवा नहीं होती, इसलिए ये न तो फटते हैं और न ही पंक्चर होते हैं। इन टायरों में रबर स्पोक और बेल्ट का इस्तेमाल किया जाता है, जो इसको कंट्रोल करने और टायर की शेप बनाए रखने में मदद करते हैं।






*अंदर की संरचना बाहर भी दिखाई देती है :* वहीं, एयरलेस टायरों के अंदर की संरचना बाहर से भी दिखाई देती है, जो इसे एक अलग लुक देती है। एयरलेस टायरों की सबसे बड़ी खासियत है कि इनमें हवा की जरूरत नहीं पड़ती है, इसलिए पंक्चर या फटने का कोई डर नहीं रहता है। यह पूरी तरह रखरखाव से मुक्त होते हैं। यानी इनमें हवा के दबाव की जांच या बार-बार रिपेयर की जरूरत नहीं होती है। वहीं यह टायर लंबी दूरी या ऑफ रोड ड्राइविंग के लिए भी सेफ माने जाते हैं।

### सबसे पहले मिशेलिन ने लांच किया टायर

एयरलेस टायर को सबसे पहले मिशेलिन ने लांच किया था। इसे मिशेलिन ने वाहन निर्माता कंपनी जनरल मोटर के साथ मिलकर तैयार किया था। इसका पहला इस्तेमाल शेवरले बोल्ट कार में किया गया। बाद में गुडईयर जैसी बड़ी कंपनियों ने भी तकनीक पर काम शुरू किया।

### एयरलेस टायर ट्यूबलेस टायर से कितना महंगा?

*फिलहाल बाजारों में मिलने वाले सबसे सस्ते एयरलेस टायर की कीमत 10,000 से 20,000 के बीच शुरू होती है। यह कीमत टायर के साइज, क्वालिटी और ब्रांड के हिसाब से बदल सकती है। हालांकि माना जा रहा है कि जैसे-जैसे यह मार्केट में ज्यादा उपलब्ध होंगे, इसके दाम में भी कमी हो सकती है। वहीं, भारत में ट्यूबलेस टायर भी सबसे आम ऑप्शन माने जाते हैं। भारत में ट्यूबलेस टायर की कीमत की बात करें तो यह 1500 से लेकर 60 हजार तक में मिल जाते हैं जो साइज, ब्रांड और उपयोग पर निर्भर करते हैं। इसका मतलब है कि एयरलेस टायर ट्यूबलेस टायर की तुलना में कई गुना महंगे होते हैं।*

## खबर संक्षेप

### हीरो मोटोकॉर्प का शुद्ध लाभ बढ़कर 1,309 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** भारतीय दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 23 प्रतिशत बढ़कर 1,309 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में हीरो मोटोकॉर्प ने 1,064 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का लाभ 27.3 प्रतिशत घटा



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरण बनाने वाली अग्रणी कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 27.3 प्रतिशत घटकर 389.43 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

### मुथूट फाइनेंस के लाभ में 87 फीसदी का उछाल

**नई दिल्ली।** 'गोल्ड लोन' देने वाली कंपनी मुथूट फाइनेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 87 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2,345 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ 1,251.1 करोड़ रुपये था। मुथूट फाइनेंस ने कहा कि उसकी कुल आय बढ़कर 6,461 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 4,126 करोड़ रुपये थी।

## दाल, सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में आई गिरावट

# थोक महंगाई में अक्टूबर में 1.21 प्रतिशत की गिरावट, 27 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दालों और सब्जियों जैसे खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के साथ-साथ ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में नरमी से थोक मुद्रास्फीति में अक्टूबर में गिरावट दर्ज की गयी और यह 27 महीने के निचले स्तर शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत रही। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति पिछले साल सितंबर में 0.13 प्रतिशत और अक्टूबर 2024 में 2.75 प्रतिशत रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, 'अक्टूबर 2025 में मुद्रास्फीति में गिरावट की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस, बिजली, खनिज तेलों और मूल धातुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में नरमी रही।' थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर सितंबर में 5.22 प्रतिशत के मुकाबले अक्टूबर में 8.31 घटी।



■ ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में आई नरमी

■ कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, बिजली आदि की कीमतों में आई गिरावट

■ थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत रही

### प्याज और आलू की कीमतों में भी गिरावट दर्ज

प्याज, आलू, सब्जियों और दालों की कीमतों में गिरावट देखी गई। सब्जियों की महंगाई दर में अक्टूबर में 34.97 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि सितंबर में यह 24.41 प्रतिशत थी। दालों में अक्टूबर में 16.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि आलू और प्याज में यह क्रमशः 39.88 प्रतिशत और 65.43 प्रतिशत रही। विनिर्मित उत्पादों के मामले में मुद्रास्फीति सितंबर के 2.33 प्रतिशत से घटकर 1.54 प्रतिशत हो गई।

### कर कटौती से वस्तुओं की कीमतें कम हुई

कर कटौती से वस्तुओं की कीमतें कम हुईं तथा पिछले वर्ष की अनुकूल मुद्रास्फीति आधार के कारण थोक और खुदरा मुद्रास्फीति दोनों में कमी आई। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 0.25 प्रतिशत के सर्वकालिक निम्न स्तर पर रही जो जीएसटी दरों में कटौती और पिछले साल के उच्च आधार के कारण कम हुई। सितंबर में खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 1.44 प्रतिशत थी।

### नवंबर में थोक महंगाई एक फीसदी से कम रहेगी

ईंधन और बिजली की कीमतें अक्टूबर में 2.55 प्रतिशत कम हुईं जबकि पिछले महीने इनमें 2.58 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के कार्यकारी निदेशक पारस जसराय ने कहा, '' वित्त वर्ष 2025-26 के बाकी समय में अनुकूल तुलनात्मक आधार से थोक मुद्रास्फीति में गिरावट का दौर जारी रहने की उम्मीद है। ऐसे में इंडिया रेटिंग्स का अनुमान है कि नवंबर 2025 में थोक मुद्रास्फीति में गिरावट एक प्रतिशत से कम रहेगी।''

### रेपो दरों में कटौती करने का बनेगा दबाव

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) खुदरा मुद्रास्फीति पर नजर रखता है। केंद्रीय बैंक ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। खुदरा और थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में गिरावट से आरबीआई पर तीन से पांच दिसंबर को होने वाली अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दरों में कटौती करने का दबाव बनेगा।

### थोक मुद्रास्फीति सीमित दायरे में रहेगी

पीएचडीसीसीआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं महासचिव रंजीत मेहता ने कहा कि उद्योग मंडल को उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, खाद्यान्नों के पर्याप्त भंडार और खरीफ की अच्छी फसल के कारण थोक मुद्रास्फीति सीमित दायरे में रहेगी।

# घरेलू मांग पूरी करने खाद्य तेल आयात में की गई वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ खाद्य तेल आयात 22 फीसदी बढ़कर 1.61 लाख करोड़ रुपए

■ भारत इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल का आयात करता है

भारत ने घरेलू मांग को पूरा करने के लिए अक्टूबर में समाप्त विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान लगभग 1.61 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1.6 करोड़ टन खाद्य तेलों का आयात किया। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी है।

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विपणन वर्ष 2023-24 (नवंबर-अक्टूबर) में, भारत का खाद्य तेल आयात 1.32 लाख करोड़ रुपये मूल्य का 1.59.6 करोड़ टन रहा था। उच्च वैश्विक कीमतों के कारण मूल्य के संदर्भ में खाद्य तेल आयात में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल का आयात करता है जबकि सोयाबीन तेल अर्जेंटीना और ब्राजील से आता है।

एसोसिएशन ने कहा, ''आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटने के लिए, भारत 1990 के दशक से आयात का सहारा ले रहा है। शुरुआती दौर में आयात की मात्रा बहुत कम थी। हालांकि, पिछले 20 वर्षों (2004-05 से 2024-25) में आयात की मात्रा 2.2 गुना बढ़ गई है, जबकि आयात की लागत लगभग 15 गुना बढ़ी है।'वर्ष 2024-25 में, भारत को 160 लाख टन (16 मिलियन टन) खाद्य तेलों के आयात पर लगभग 1.61 लाख करोड़ रुपये (18.3 अरब डॉलर) खर्च करने होंगे। 2022-23 में एक करोड़ 64.7 लाख टन, विपणन वर्ष 2021-22 में एक करोड़ 40.3 लाख टन और विपणन वर्ष 2020-21 में एक करोड़ 31.3 लाख टन रहा।

### सोयाबीन तेल के आयात का नया रिकॉर्ड

सोयाबीन तेल के आयात ने विपणन वर्ष 2024-25 में 54.7 लाख टन का नया रिकॉर्ड बनाया। यह विपणन वर्ष 2015-16 के 42.3 लाख टन के पिछले उच्चतम स्तर को पार कर गया। एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, पाम तेल का आयात 90 लाख टन से घटकर 75.8 लाख टन रह गया।

## खराब पुर्जे बदलने हॉर्नेट बाइक वापस मंगाई गई



**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी सीबी1000 हॉर्नेट एसपी मोटरसाइकिल की कुछ इकाई को खराब पुर्जे को बदलने के लिए वापस मंगा रही है। कंपनी ने बताया कि यह कदम वैश्विक स्तर पर उठाए गए समान कदमों के अनुरूप है और वर्ष 2025 में विनिर्मित कुछ इकाई इससे प्रभावित हैं। हालांकि, कंपनी ने प्रभावित मोटरसाइकिलों की सटीक संख्या नहीं बताई। होंडा के अनुसार, 'एक्जॉस्ट'' प्रणाली से निकलने वाली अत्यधिक गर्मी के कारण सीट की पेंटेड सतह नरम पड़ सकती है। इससे गियर बदलने वाले पेडल का बोल्ट ढीला होकर गिर सकता है, जिससे मोटरसाइकिल के गियर बदलने में परेशानी आ सकती है। कंपनी ने बताया कि सावधानी के तौर पर कंपनी जनवरी 2026 से देशभर में स्थित बिगविंग टॉपलाइन डीलरशिप पर प्रभावित पुर्जों को बदलेगी।

# निदेशक मंडल का खुलासा, हितों के टकराव रिपोर्ट पर विचार करेगा : सेबी प्रमुख



■ सेबी 17 दिसंबर को एक उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट पर करेगी विचार


**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी का निदेशक मंडल 17 दिसंबर को एक उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट पर विचार करेगा, जिसने हितों के टकराव से बचने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की संपत्ति का सार्वजनिक खुलासा करने की सिफारिश की है। चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सेबी ने अपनी रिपोर्ट में पूंजी बाजार नियामक के शीर्ष अधिकारियों के हितों के टकराव को दूर करने के लिए अधिक खुलासा और कोई छूट न देने की संस्कृति के जरिये पारदर्शिता लाने के लिए व्या पक सुधारों का प्रस्ताव दिया है। उच्च-स्तरीय समिति ने 10 नवंबर को चेयरमैन पांडेय को अपनी रिपोर्ट सौंपी। गोपनीय 'व्हिसलब्लोअर' प्रणाली स्थापित करने, महंगे उपहारों पर प्रतिबंध लगाने, सेवानिवृत्ति के बाद काम करने पर दो साल का प्रतिबंध लगाने और मुख्य नैतिकता एवं सीईसीओ का पद सृजित करने की सिफारिश की गई है। सेबी चेयरमैन, पूर्णकालिक सदस्यों और मुख्य महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों को अपनी संपत्तियों और देनदारियों का सार्वजनिक खुलासा करना चाहिए।

### टाटा मोटर्स पैसेंजर के लाभ में कई गुना बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना बढ़कर 76,248 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 3,521 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

# वर्षा ऋतु में गिलोय अधिक प्रभावी, पतंजलि का शोध बीएमसी प्लांट बायोलॉजी में प्रकाशित

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने गिलोय पर दो वर्षों तक किए गए अध्ययन में यह प्रमाणित किया है कि वर्षा ऋतु में एकत्रित गिलोय औषधीय रूप से सर्वाधिक प्रभावी होती है। इस शोध में यूएचपीएलसी-पीडीए और एचपीटीएलसी तकनीक के माध्यम से गिलोय के रासायनिक घटकों का विश्लेषण किया गया। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आयुर्वेदिक ग्रंथों में ऋतु के अनुसार पौधों के संग्रह की जानकारी मात्र अन्धविश्वास नहीं, बल्कि उसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण निहित है।



उन्होंने यह भी कहा कि प्रकृति और हमारी सनातन संस्कृति के बीच गहरा संबंध है और इसे समझना आज आवश्यक हो गया है। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने बताया कि औषधीय पौधों की प्रभावशीलता उनके पादप रसायन पर निर्भर करती है, जो मौसम के अनुसार बदलता है। शोध से यह स्पष्ट हुआ कि सही समय पर जड़ी-बूटियों का संग्रह उनके औषधीय गुण और गुणवत्ता को बढ़ाता है।

# सोना 1,500 रुपए टूटा, चांदी भी फिसली



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,500 रुपये टूटकर 1,29,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणियों के बाद कमजोर वैश्विक रुख के साथ सोने के भाव में नरमी आई।अधिकारियों ने संकेत दिया कि ताजा आर्थिक आंकड़ों के अभाव में ब्याज दरों में और कटौती में देरी हो सकती है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के बंद भाव 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,500 रुपये घटकर 1,28,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,30,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से सप्ताह के अंत में सोने की कीमतों में नरमी आई।''

# वीआईटी मॉरीशस ने फरवरी और अगस्त 2026 सत्र के लिए किया प्रवेश शुरू

**वेल्लोर।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) मॉरीशस ने अपने प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यक्रमों के लिए फरवरी और अगस्त 2026 सत्र के आवेदन शुरू कर दिए हैं। संस्थान ने देश-विदेश के महत्वाकांक्षी विद्यार्थियों को अपने सपनों के करियर की दिशा में पहला कदम बढ़ाने का आमंत्रण दिया है। उम्मीदवार अब ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संस्थान ने प्रवेश प्रक्रिया को सरल रखा है - इसके लिए किसी प्रवेश परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। चयन केवल हाई स्कूल के प्रदर्शन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर होगा। मेधावी विद्यार्थियों और आर्थिक रूप से जरूरतमंद छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा, अध्ययन के दौरान पार्ट-टाइम काम करने के अवसर और स्नातक होने के बाद तीन साल का पोस्ट-स्टडी वर्क परमिट भी प्रदान किया जाएगा।

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर छ.ग.- 495001**
**FAX (0)-07752-237400, PHONE (O)-07752-237400**
**Email eddress- mscimsbsp@gmail.com**

क्रमांक / संसएवंअधी/सिम्स/25/-9457 बिलासपुर, दिनांक 13-11-2025

**// दावा आपत्ति हेतु सूचना //**

सिम्स चिकित्सालय में निम्न मशीनों का वार्षिक रखरखाव सीएमसी किया जाना है जिस हेतु निर्माता कंपनी से प्राक्कलन प्राप्त हुआ है विवरण निम्न है-

| Sl. No. | Product description | Qty | CMC cost | Repair Cost |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Lift (Doctor Lift), Company-TKE | 01 | 1,27,323.00 | |

जीएसटी अतिरिक्त शासन के नियमानुसार
उक्त मशीनो के वार्षिक रखरखाव सीएमसी हेतु दावा आपत्ति / प्राक्कलन हेतु निर्माता/अधिकृत एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा स्पीडपोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| दावा आपत्ति एवं प्राक्कलन संबंधी दस्तावेज भेजने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 15.12.2025 समय शाम 4 बजे तक पता- संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक, सदर बजार, गोंडपारा, सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर (छ.ग.) |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
जी. 252604769/3 सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 778/वाहन /2025 दिनांक 10.11.2025

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निगम के विभिन्न वाहनों / मशीनों के संचालन हेतु ऑपरेटर प्रदाय करने के लिए निविदाकारों से फार्म 'बी' ई-प्रोक्युरमेंट (E-Tendring) के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | निगम के विभिन्न वाहनों / मशीनों के संचालन हेतु ऑपरेटर प्रदाय करने बाबत। (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 26.79 | 03.12.2025 (T.No. 1179074) |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईटwww.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।**

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. / निर्माण/2025 दिनांक 07.11.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत बालको जोन अंतर्गत 11 शासकीय स्कूलों में किचन शेड का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या. मद) (द्वितीय निविदा) | 43.00 | 24.11.2025 (T.No. 178933) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।**

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक / क / तह./रीडर/2025 सकरी, दिनांक 13.11.2025
रा.प्र.क्र. / अ-19/2025-2026
ग्राम घुरु, प.ह.नं. 61, तहसील

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम घुरू, प.ह.नं0 61, तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग बिलासपुर के द्वारा ग्राम घुरू, प.ह.नं. 61, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 496/1 रकबा 6.272 हे. (15.15 एकड़) भूमि को अटल विहार योजना कमज़ोर एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को रियायती दर पर मकान उलपब्ध कराने की योजना हेतु शासन द्वारा रियायती दर 1.00 रूपये प्रति वर्गफूट की दर से भूमि आबंटन करने का मांग किया है।

उक्त भूमि निस्तार पत्रक से पृथक करते हुए आवेदक को उक्त कार्य के लिए आबंटित किया जाना है इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो वह अपना आपत्ति-दावा दिनांक 28.11.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार, सकरी**

**कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**इन्द्रावती भवन, ब्लाक-डी (भू-तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**Phone -2263708, 2262558 Fax - 2262558**
**Email Id-pmscstobc@gmail.com**

क्रमांक / ऑ.ला.पो.मै.छा./183/2025-26/9365 नवा रायपुर, दिनांक 13/11/2025

**सूचना प्रकाशन**

**वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी के लिए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी, शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है तथा इन संस्थाओं के प्राचार्यों / संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि निम्नानुसार निर्धारित है :-

| क्र. | प्रक्रिया | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन / पंजीयन हेतु (नवीन / नवीनीकरण) | दिनांक 30.11.2025 |

उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा एवं Draft Proposal एवं Sanction Order Lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

1. छात्रवृत्ति हेतु निम्नानुसार पात्रता निर्धारित है :- क. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों के पालक की आय सीमा रू. 2.50 लाख प्रतिवर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आय-सीमा रू. 1.00 लाख प्रतिवर्ष। ख. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र। ग. छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र। घ. विद्यार्थी के अध्ययनरत पाठ्यक्रम के विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम। 2. PFMS के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अत: सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखे कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की ही प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें। 3. वर्ष 2025-26 से संस्थाओं का Geo-Tagging किया जाना अनिवार्य है। जिन संस्थाओं द्वारा Geo-Tagging नहीं किया जावेगा, उक्त संस्था के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदाय नहीं की जावेगी। 4. वर्ष 2025-26 में अनु. जनजाति एवं अनु. जाति के विद्यार्थियों को NSP Portal से OTR (One Time Registration) प्राप्त करना आवश्यक है। इस हेतु राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में प्रदाय निर्देशों का अवलोकन किया जा सकता है। 5. वर्ष 2025-26 में संस्था प्रमुख (HoI) एवं संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी (INO) का biometric-authentication किया जाना अनिवार्य है।

प्र.आयुक्त
जी. 252604759/1 आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास नवा रायपुर (छ.ग.)

सत्यमेव जयते
जनजातीय कार्य मंत्रालय
Ministry of Tribal Affairs
Government of India

150th
Birth Anniversary Year of Bhagwan Birsa Munda
JANJATIYA GAURAV VARSH

# धरती आबा की शाश्वत भावना को नमन

**एक कृतज्ञ राष्ट्र भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उनके पराक्रम और दूरदर्शिता को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।**



इस अवसर पर

# जनजातीय गौरव दिवस

**राष्ट्र को समर्पित और रु. 7700 करोड़ की लागत वाली कई जनजातीय विकास पहलों का शिलान्यास**

द्वारा

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

15 नवंबर, 2025 | दोपहर 02:00 बजे | 8 डेडियापाड़ा, नर्मदा, गुजरात

## विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन

- **1 लाख** पक्के घरों का गृह प्रवेश समारोह-आदिवासी परिवारों के लिए सम्मानजनक आवास सुनिश्चित करना
- **10,000** कार्यात्मक घरेलू नल जल कनेक्शन-आदिवासी परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना
- **228+** बहुउद्देशीय केंद्र (एमपीसीएस)-आजीविका सृजन, प्रशिक्षण और विकास को बढ़ावा देना
- **42** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) -आदिवासी छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच
- असम मेडिकल कॉलेज, डिब्रूगढ़ में **01** सक्षमता केंद्र-आदिवासी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा

## नई पहलों की आधारशिला रखना

- 6 किलोमीटर पुलों सहित **748 किलोमीटर** सड़क संपर्क-सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में संपर्क को मज़बूत करना
- **190** आश्रम विद्यालय छात्रावास-सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा और पोषण का एकीकरण
- **50** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (EMRS)-शिक्षा के माध्यम से आदिवासी छात्रों को सशक्त बनाना
- **14** आदिवासी बहु-विपणन केंद्र (TMMCS) -आदिवासी उत्पादों को व्यापक बाज़ारों से जोड़ना

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनजातीय प्रगति के 11 वर्ष

### जनजातीय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता:
जनजातीय कार्य मंत्रालय का **13,000+ करोड़** का बजट,
**11.5+ करोड़** जनजातीय लोगों को लाभान्वित करता है

### वन अधिकार अधिनियम:
**9.52+ लाख** व्यक्तिगत और
**97,000+** सामुदायिक वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं, जो **232 लाख एकड़** क्षेत्र को कवर करते हैं

### आजीविका और उद्यम:
**4030+** वन धन विकास केंद्रों के माध्यम से
**12+ लाख** जनजातीय उद्यमी लाभान्वित
न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत **87** लघु वनोपज

### शिक्षा:
**497** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में
**1.5+ लाख** से अधिक आदिवासी छात्र नामांकित
5 छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से **30+ लाख** से अधिक आदिवासी छात्र लाभान्वित

### जमीनी स्तर पर शासन में बदलाव:
**20+ लाख** से अधिक आदि कर्मयोगी आदिवासी गाँवों के विकास को सुदृढ़ बना रहे हैं
**58,000+** से अधिक ग्राम कार्य योजना एवं
**56,000+** से अधिक आदि सेवा केंद्र

### लक्षित प्रमुख मिशन:
प्रधानमंत्री-जनमन योजना के अंतर्गत
**47+ लाख** गरीब परिवारों को लाभ
**2.24+ लाख** पक्के मकान
**7600+** गाँवों को पाइप से जलापूर्ति
**1.32+** लाख आदिवासी परिवारों का विद्युतीकरण
**820+** किलोमीटर सड़क संपर्क

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत
**63,000+** आदिवासी गाँवों को लाभ
**6.22+ लाख** पक्के मकान
**26,800+** गाँवों को पाइप से जलापूर्ति
**17,000+** घरों का विद्युतीकरण
**3300+** गाँवों को मोबाइल कनेक्टिविटी

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत **6.5+ करोड़** आदिवासी लोगों की जाँच

CBC 43101/13/0028/2526

**डीडी न्यूज़ पर सीधा प्रसारण | #जनजातीयगौरववर्ष #बिरसा 150**

14- NOV- K&C- MAIN- Pg- 10 CLASSI-SEHSH_Layout 1 11/15/2025 1:32 AM Page 1



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### नीतीश-मोदी का ....

हजारी और संजय सरावगी, और भाजपा की मैथिली ठाकुर राजग खेमे से प्रमुख विजेताओं में शामिल हैं। राजद नेता और 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव, दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शाहाब और भाकपा (माले) लिबरेशन के संदीप सौरव विपक्षी खेमे से प्रमुख विजेताओं में शामिल हैं। तेजस्वी यादव ने राघोपुर सीट से भाजपा के सतीश कुमार को 14,532 मतों के अंतर से हराया। 'इंडिया' गठबंधन को केवल 34 सीट मिलीं। राजद को 25 सीट मिलीं, जबकि कांग्रेस को छह, भाकपा (माले) लिबरेशन को दो और माकपा को एक सीट मिली। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने पांच सीट जीतीं, जबकि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी को एक-एक सीट मिली। भाजपा और जदयू ने 101-101 सीट पर चुनाव लड़ा था, जबकि उनकी सहयोगी लोजपा (रालोद) ने 28 सीट पर उम्मीदवार खड़े किए थे। 'इंडिया' गठबंधन में, राजद ने 141 सीट पर चुनाव लड़ा, जबकि कांग्रेस ने 61 और भाकपा(माले) लिबरेशन ने 20 सीट पर चुनाव लड़ा।

### जीत का नया 'महिला ....

ने यह सुनिश्चित किया कि लोकतंत्र पर हमला करने वाले लोगों को 'धूल चटायी जाए।' मोदी ने कहा, बिहार ने एक बार फिर दिखा दिया है कि झूठ की हार हुई है और लोगों का विश्वास जीता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत से निर्वाचन आयोग में लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की भी सराहना की और चुनावी जीत के लिए राजग सहयोगियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, बिहार की जनता ने इस भारी जीत और अपने अटूट विश्वास के साथ राज्य में गर्दा उड़ा दिया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुस्लिम-यादव समर्थन आधार का स्पष्ट संदर्भ देते हुए मोदी ने कहा कि बिहार में कुछ पार्टियों ने 'एमवाई फार्मूला' तैयार किया था, लेकिन आज की जीत ने एक नया 'सकारात्मक एमवाई - महिला और यूथ' फार्मूला दिया है।

### सीएम साय बोले- लोकतंत्र ....

भाजपा नीत गठबंधन ने यह साबित किया है कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतर कर आप बार-बार आशीर्वाद पा सकते हैं। बिहार की जनता को धन्यवाद। बिहार में भी डबल इंजन की सरकार आगे और तेजी से प्रदेश का विकास करे, यही शुभकामना है। श्री साय ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन को मिली जीत पर उनको बधाई दी है।

### छग के भाजपा नेताओं ....

प्रत्याशियों को जीत दिलाने का जिम्मा प्रदेश के एक दर्जन कांग्रेसी नेताओं को मिला था, लेकिन किसी भी विधानसभा में जीत नहीं मिली। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को वहां पर सीनियर ऑब्जर्वर बनाया गया था।

बिहार विधानसभा चुनाव में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने करीब 4 महीने तक बिहार के सारण व चम्पारण क्षेत्र के 45 विधानसभा क्षेत्र में कुशल रणनीति बनाकर जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। यही कारण है कि इन 45 सीटों में से 25 सीट में भाजपा के प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा और सभी में भाजपा प्रत्याशी विजयी हुए। चंपारण क्षेत्र में उनके सहयोगी के तौर पर सांसद एवं भाजपा मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडेय ने मोर्चा संभाल रखा था और सारण क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री लखन देवांगन, गजेन्द्र यादव, विधायक रीकेश सेन एवं भावना बोहरा की तैनाती की गई थी। इन विधानसभा क्षेत्रों में आए परिणाम में भाजपा का प्रदर्शन पूरे 100 में 100 प्रतिशत रहा।

कांग्रेस के हाथ खाली

प्रदेश के कांग्रेस के नेताओं को भी बड़ी जिम्मेदारी मिली थी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को वहां पर सीनियर ऑब्जर्वर बनाया गया था। इसी के साथ विधायक देवेंद्र यादव पूर्व विधायक जय सिंह अग्रवाल, शैलेश पांडेय सहित एक दर्जन नेताओं को अलग-अलग विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली थी, लेकिन कांग्रेसी नेताओं के हाथ खाली रहे।

नवीन के लिए प्रदेश के नेताओं ने झोंकी थी ताकत

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन को बड़ी जीत मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उनकी नामांकन रैली में शामिल हुए व पटना, मुंगेर व तारापुरा में जनसभा को संबोधित किया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भी बांकीपुर में श्री नवीन के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित कर वोट अपील की थी। उप मुख्यमंत्री अरूण साव पटना में कैम्प लगाकर भाजपा के पक्ष में लगातार रैली व सभाएं करते रहे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपनी टीम के साथ पूरे समय बांकीपुर विधानसभा में जुटे रहें। इसके साथ ही मंत्री केदार कश्यप, राजेश अग्रवाल, श्यामबिहारी जायसवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, विधायक सुशांत शुक्ला, खनिज विकास निगम अध्यक्ष सौरभ सिंह, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, रायपुर शहर जिला महामंत्री अमित मैशरी, संजूनारायण सिंह, नितिन अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, सिध्दांत शर्मा, विशाल पांडेय सहित छत्तीसगढ़ के पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया था।

शत-प्रतिशत परिणाम

बिहार विधानसभा चुनाव में जीविका अभियान की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। जिसे जन-जन तक पहुंचाने का कार्य छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों को मिला था। इसके प्रदेश प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी थे, वहीं सीवान जोन में संजय श्रीवास्तव, रोहतास जोन में रजनीश सिंह, मिर्जापुर में रामू रोहरा, मोतिहारी में केदार गुप्ता, मुंगेर में ज्योतिनंद दुबे, दरभंगा में संजय पांडेय, पुर्णिया में ललित चंद्राकर, भागलपुर में अवधेश चंदेल, नालंदा में लोकेश कावड़िया को दायित्व सौंपा गया था। इसके साथ ही युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित पार्टी के विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारियों की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही करीब महीने से बिहार के प्रवास कर वहां की टीम को सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के सक्रिय कर रहे थे। जहां भी प्रदेश के नेताओं को जिम्मेदारी मिली थी, वहां पर भाजपा प्रत्याशी जीते हैं।

### सरोज, संतोष, बृजमोहन...

जिसमें हरसिद्धि, गोविंदगंज, केसरिया, कल्याणपुर, पिपरा, मोतिहारी सभी सीटों में एनडीए प्रत्याशियों की जीत हुई है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुश्री सरोज पांडेय को पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के कटियार एवं पूर्णिया जिले के 12 विधानसभाओं का प्रभार दिया गया जहां पर एनडीए प्रत्याशियों की शत-प्रतिशत जीत हुई है।

### नीतीश की विश्वसनीयता ...

मुद्दों पर उनका अधिक फोकस आम मतदाता के जीवन से दूर महसूस हुआ। वहीं, राहुल गांधी का लंबे समय तक बिहार से दूर रहना और अभियान में असंबद्धता ने उनकी विश्वसनीयता को कमजोर किया। कांग्रेस, जिसे कभी बिहार में बड़ा जनाधार हासिल था, इस चुनाव में पूरी तरह राजद-निर्भर नजर आई। टिकट बंटवारे में असंतोष और संगठन स्तर पर ऊर्जा की कमी ने उसके प्रदर्शन को और गिरा दिया। चुनाव के अंतिम चरण तक महागठबंधन में सिंबल और सीट तालमेल की स्पष्टता नहीं होना, पूरे अभियान को लगातार कमजोर बनाता रहा। इसके विपरीत, नीतीश कुमार की राजनीतिक विश्वसनीयता एनडीए के लिए एक स्थिर स्तंभ बनी रही। जदयू को यह फायदा साफ तौर पर चुनावी नतीजों में मिला। कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर निजी हमलों, विशेषकर वोट चोरी जैसे आरोपों को केंद्र में रखकर चलाया गया कैंपेन भी शायद उलटा पड़ा है। मतदाताओं ने इसे मुद्दाविहीन राजनीति माना और एनडीए ने इस अभियान का पलटकर लाभ उठाया।

### अब हर साल होंगे ...

ने मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद रायपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के आयोजन का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। बीसीसीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार अब यह स्टेडियम उसके अधीन आ जाएगा, जिससे यहां टेस्ट मैच सहित बड़े टूर्नामेंट भी संभव हो सकेंगे। गौरतलब है कि अब तक स्टेडियम का संचालन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किया जा रहा था, लेकिन लंबे समय से राज्य क्रिकेट संघ इसे अपग्रेड करने और आधुनिक सुविधाएं विकसित करने के लिए प्रयासरत था।

### रायपुर में तीनों फॉर्मेट ...

आयोजित किए जा सकेंगे। अब तक रायपुर केवल वनडे और टी-20 मैचों की मेजबानी करता रहा है, लेकिन टेस्ट मैचों की अनुमति सिर्फ उन्हीं स्टेडियमों को मिलती है, जो बीसीसीआई के अधीन होते हैं। लीज समझौते के बाद यह स्टेडियम अब औपचारिक रूप से बीसीसीआई के अंतर्गत आ गया है, जिससे रायपुर टेस्ट क्रिकेट के नक्शे पर भी शामिल हो जाएगा।

### क्रिकेट संघ ने माना ...

लीज पर देने के राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा व वित्तमंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राज्य के खेल प्रेमियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### बड़ा फैसला...

अविक्रित भवनों को, पात्र हितग्राही के अतिरिक्त किसी भी आय वर्ग के हितग्राही को विक्रय किया जा सकता है, परन्तु ऐसे हितग्राहियों को शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नहीं होगी। अनुदान की पात्रता केवल निर्धारित आय वर्ग के हितग्राही को ही होगी।

### धान खरीदी के लिए 15 ...

स्वीकृत 15 हजार करोड़ रुपए की शासकीय प्रत्याभूति को खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए पुनर्वेधीकरण करने के साथ ही विपणन संघ को अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि रुपये 11,200 करोड़ प्रदाय किए जाने का निर्णय लिया।

### इस बार भी दलहन-तिलहन ...

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन तथा रबी मौसम में दलहन-तिलहन फसल जैसे चना, सरसों, मसूर का उपार्जन समर्थन मूल्य पर किया जाता है। दलहन-तिलहन का समर्थन मूल्य पर उपार्जन की व्यवस्था प्रदेश की मंडियों में होने से बाजार में प्रतिस्पर्धा बनी रहती है, जिसके कारण कृषकों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होने की संभावना होती है।

### स्टेडियम अब क्रिकेट ...

से छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के और अधिक क्रिकेट मैच का आयोजन सुनिश्चित होगा।

### आज से धान उत्सव ...

पर हैं, इन लोगों की बर्खास्तगी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अब तक 18 को बर्खास्त करने की जानकारी सामने आई है। राज्य में यह पहला अवसर है जब धान खरीदी के समय सहकारी सोसाइटियों के प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर आपरेटर हड़ताल पर हैं। ये लोग अपनी कुछ मांगों को लेकर 3 तारीख से बेमुद्दत हड़ताल पर हैं। सरकार ने इनसे बातचीत की कोशिशें की, लेकिन वार्ता सफल नहीं हो पाई। इस स्थिति के मद्देनजर राज्य सरकार ने अन्य विभागों के अफसर कर्मियों को धान खरीदी के काम में तैनात कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि राज्य में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत धान खरीदी के प्रबंध कर लिए गए हैं।

### हड़ताल समाप्ति की ...

घोषणा की है। बेमेतरा एसडीएम प्रकाश भारद्वाज डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर और विभागीय अधिकारी की संयुक्त टीम से चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप छूट जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

## हरिभूमि Classified

epaper- www.haribhoomi.com
Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

### आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** ऑफिस बॉय एवं सुपरवाइज़र की आवश्यकता। रहने और खाने की सुविधा सहित। सुपरवाइजर को इलेक्ट्रिक तथा बेसिक ज्ञान होना आवश्यक। मेहनती और जिम्मेदार व्यक्ति तुरन्त सम्पर्क करें- 6264315731 (39153)

**आवश्यकता है-** विज्ञापन एजेन्सी में डिजाईनर (कोरल ड्रा), इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाईजर, ड्राईवर एवं माउंटर कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सी 15, ग्राउण्ड फ्लोर, नारायण प्लाजा, बिलासपुर 6264550163, 7024728674 (39165)

**आवश्यकता है-** प्रिटिंग युनिट हेतु कोरल ड्रा डिजाइनर 2 पद, ऑफिस ब्वॉय 3 पद एवं बाईन्डर 2 पद की आवश्यकता है वेतन 10000 सम्पर्क करें- प्रिंट आइडिया, सुभाष काम्पलेम्स जरहाभाठा बिलासपुर 7999415807 (39154)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर, मंगला, तेलीपारा, पुराना बस स्टैण्ड, सरकंडा, कोनी, सिरगिट्टी, परसदा, तिफरा हेतु सुरक्षा गार्ड चाहिए वेतन 9000 से 10000 आवास मुफ्त सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- 9993336942, 9589316942 (39164)

**आवश्यकता है-** यश सुपर बाजार में कम्प्यूटर आपरेटर (लड़का) सेल्स के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी सम्पर्क करें-रिंग रोड नम्बर 2, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर (39155)

**आवश्यकता है-** शहर के प्रतिष्ठित रेस्टोरेन्ट मौसा जी रेस्टोरेंट के लिए 15-20 हाउस कीपिंग स्टाफ आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 8085757457 (39148)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु बिजी सॉफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए वेतन अनुभव के अनुसार सम्पर्क करें- माँ अम्बे रेडीमेड, लैण्डमार्क काम्प्लेक्स के सामने करबला मेन रोड बिलासपुर 8959395941 (39156)

**आवश्यकता है-** तिफरा के कंसट्रक्शन एण्ड प्रॉपर्टी कम्पनी के लिए 1 मेल साइड इंचार्ज, 1 फील्ड इंचार्ज एवं 1 फीमेल आफिस असिस्टेंट चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7987166040 (39158)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड सूट, साड़ी शोरूम एवं जूता दुकान में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, फोल्डर चाहिए वेतन योग्यतानुसार पता- प्रकाश डिजाइनर स्टूडियो श्रीराम मार्केट, 8319134866 फैमिली शू मॉल देवकीनन्दन चौक बिलासपुर 8839838695 (39157)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में घर के लिए एक शाकाहारी खाना बनाने वाली, एक चौकीदार, एक ड्राइवर चाहिए फैमिली वालो को प्राथमिकता, आवास फ्री, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- बृजेश अग्रवाल 7999360970, 9755096371 (39162)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीकल्स दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है रिपेरिंग साईड कार्य वायरिंग फिटिंग हेतु। रहने की सुविधा सम्पर्क करें- अरूण इलेक्ट्रीकल्स चंद्रा पार्क के सामने बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7869102080 (39163)

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनख्वाह 13000 रूपए सम्पर्क करें- 9754293974 (39150)

**आवश्यकता है-** स्पोर्ट्स शोरूम में काम करने हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर सेल्समैन, सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री लक्ष्मी स्पोर्ट्स गोंड़पारा बिलासपुर (39127)

**आवश्यकता है-** कानूनी पुस्तकों की बिक्री हेतु लड़के लड़कियां चाहिए उम्र का बन्धन नहीं वेतन 6000 से 10000+ कमीशन पता- आदर्श लॉ हाउस डीपी कॉलेज के सामने पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर 6262354545 (39152)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सरस्वती एजेन्सीज 53, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर 9827177772 (39161)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़के की आवश्यकता हैं जिसे tally एवं busy software में कार्य का अनुभव हो वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अनिश ऑटोमोबाइल्स लिंक रोड बिलासपुर 9399512699 (39141)

**आवश्यकता है-**बिलासपुर में पैट्रोल पम्प में आपरेटर, हवा भरने, सफाई कर्मचारी, चौकीदार एवं माली की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार जरुरतमंद को रहने की सुविधा इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 9406157765 (39084)

**आवश्यकता है-** हाऊसकीपिंग स्टाफ-100 (गर्ल, ब्यॉय) नर्स-15, लेडिज गार्ड-10, वार्डब्यॉय-10, ऑफिस ब्यॉय-10 बिलासपुर अम्बिकापुर हेतु रहना फ्री ड्यूटी 8घंटे, वेतन 6000- 10000 पता- डीके एण्ड सन्स प्लेसमेन्ट सर्विसेस शंकर नगर बिलासपुर 8889823100 (39144)

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट में ऑफिस कार्य करने हेतु शिक्षित अनुशासित स्मार्ट युवक, युवती चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर सीपत रोड एवं आसमां सिटी के पास उस्लापुर बिलासपुर 8319734999 (39149)

**आवश्यकता है-** पेन्ट, नल फिटिंग दुकान में कार्य करने के लिए युवक की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री शिव शक्ति इन्टरप्राइजेज यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 7987394386, 9340265565 (39143)

**आवश्यकता है-** मित्तल फर्नीचर, अमेरी चौक बिलासपुर में लोकल में छोटा हाथी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। टाइम सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सैलरी 12000 सम्पर्क करें- 9752855538 (39142)

**आवश्यकता है-** सलोन में सफाई हेतु लड़का/लड़की चाहिए समय सुबह 11 से रात 8:30 तक वेतन योग्यता अनुसार पता Bellazio The Family Salon, H2/75 नर्मदा नगर बिलासपुर 8889333941, 7987461602 (39138)

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर एवं बोर्ड गोदाम में कार्य करने हेतु लेबर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मोदी हार्डवेयर अग्रवाल मिट्टी तेल गोदाम, अल्ट्राटेक सीमेन्ट गोदाम के पहले, औद्योगिक क्षेत्र, तिफरा बिलासपुर 7415515151 (39146)

**आवश्यकता है-** PWD रोड एवं WRD लाइनिंग निर्माण कार्य हेतु मुंगेली एवं रायपुर जिलों में कार्य हेतु फ्रेशर एवं अनुभवी 3 सिविल इंजीनियर, 4 सुपरवाइजर, 2 पिकअप ड्राईवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करे- अग्रोहा कॉलोनी रायपुरा रायपुर 8356044287, 7415917778 (39130)

**आवश्यकता है-** छोटे बच्चे की देखभाल के लिए महिला या लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पी.पुरी, मित्र विहार नारायण प्लाजा के पास, लिंक रोड बिलासपुर 9340969592, 7828803577 (39145)

**आवश्यकता है-** हाउस कीपिंग विभाग हेतु मैन पावर सप्लाई कम्पनी चाहिए हमारे संस्थान में स्वच्छता, रखरखाव कार्य हेतु अनुभवी, विश्वसनीय हाउस कीपिंग सेवा प्रदाताओ से प्रस्ताव आमंत्रित है सम्पर्क करें- 9826300970 (39133)

**आवश्यकता है-** एलआईसी के साथ बनाये शानदार कैरियर एजेन्ट बने 4 से 6 घण्टे फील्ड कार्य कर 50000 से अधिक कमीशन पायें। फ्री ट्रेनिंग, विस्तृत बेनेफिट पैकेज, फुल टाइम पार्ट टाइम कैरियर पुरस्कार, सम्मान शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती, गृहिणी, कृषक बिजनेस मेन महिला बीमा सखी बनने सम्पर्क करें- अजय कुमार सिंह विकास अधिकारी 9893311075 (39137)

**आवश्यकता है-** स्वरोजगारी बनें बहुराष्ट्रीय कम्पनी के लिये पार्ट/ फुल टाइम घर से काम का एक अवसर कोई निवेश नही न्यूनतम दो घण्टे, कम्पनी के विशेषज्ञों द्वारा ट्रेनिंग, मार्गदर्शन। सम्पर्क करें- 8839008253 (39135)

**आवश्यकता है-** ऑटोमोटिव बैटरी व टायर सेल्स हेतु सेल्समेन (लड़कों), टेलीकॉलर/ एकाउंटेंट (लड़की), ड्राइवर, बैटरी टेक्निशियन, वेतन- योग्यतानुसार (12000- 20000) +इन्सेंटिव, संपर्कः- Singhania Enterprises, श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7049016518, 7974811410 (367)

**आवश्यकता है-** क्लिनिक में काम करने के लिए लड़की की आवश्यकता है। पता- पुराना बस स्टैंड, राजीव प्लाजा के पास। सैलरी 4-5 हजार मो. 7880210386 (362)

**आवश्यकता है-** पराठा, दोसा, एगरोल, पिज्जा, जूस, नारियल पानी, भेल, गुपचुप स्टॉल में काम करने हेतु मिस्त्री एवं हेल्पर (महिला/ पुरुष) चाहिए सम्पर्क करें- मिनी चौपाटी राजीव गाँधी चौक, जरहाभाठा, बिलासपुर 9098859081 (39126)

**आवश्यकता है-** वैलनेस प्रोडक्ट फ्रैंचाइजी में कम्प्यूटर बिलिंग, प्रोडक्ट देने हेतु पुरुष कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन 9000 समय सुबह 10 से शाम 7बजे। बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826, 7067124226 (39129)

**आवश्यकता है-** होलसेल बैग दुकान में काम करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं कलैक्शन के लिए लाइनमैन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- आर.के. बैग, सरजू बगीचा रोड, तेलीपारा, बिलासपुर 9713615767 (39132)

**आवश्यकता है-** मार्केटिंग केनोपी बैठने के लिए 10 युवतियों (सैलरी+ कमीशन), छोटा हाथी (प्रचार वाहन) चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर एवं ऑफिस स्टॉफ के लिये मैनेजर की आवश्यकता है सम्पर्क करे 9993243498 (39131)

**आवश्यकता है-**बिजी साफ्टवेयर अनुभवी कम्प्यूटर आपरेटर युवती एवं माल जमाने, दिखाने तथा पैकिंग कार्य के लिए मेहनती लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- आर.के. बूट हाउस तेलीपारा बिलासपुर (39022)

**आवश्यकता है-**औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 13000 सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000 कंप्यूटर ऑपरेटर 3, वेतन योग्यता अनुसार (आवास फ्री) सम्पर्क करें- Alert Sgs Private Limited, FF-6 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 7747000019, 7747000016, 7746000016 (348)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ से बाहर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -10000 (रहना फ्री) ट्रेनिंग के बाद कमाए 20-25 हजार नोट - नशेड़ी फ़ोन न करें मो. 9982589693, 8815522974 (513)

### बेचना/किराया

**बेचना/किराया-** मुंगेली नाका बिलासपुर में सर्किट हाऊस के सामने प्रथम तल का 2BHK फ्लैट स्टूडेंट्स एवं बैक कर्मचारी फैमिली को किराए से देना है/ बेचना है सम्पर्क करें- 9302078011, 7354046205 (39160)

### बेचना

**बेचना है-** वार्ड16 कुदुदण्ड पानी टंकी के सामने गली 1 डिसमिल में बना 2 मंजिला मकान नीचे 1कमरा, किचन, अटैच लेटबाथ, ऊपर 1हाल लेटबाथ 24घंटे पानी कीमत 15.51लाख सम्पर्क करे- 9753505350, 9522248786 (39136)

**बेचना है-** न्यू पिकनिक स्पॉट खोन्धरा, शांत, सुरक्षित, सबसे कम दाम शानदार भवन शादी, पार्टी पिकनिक स्कूल टूर बाटनिकल गार्डन हेतु सम्पर्क करें- सार्थक फार्म स्टे- रमेश 7587298733 (39139)

**बेचना है-** जमीन जिले के भविष्य विकसित सीपत में निवेश करें आवासीय डायवर्टेड प्लाट, मकान, दुकान, कृषि भूमि की खरीदी बिक्री हेतु सीधे भूस्वामी से सम्पर्क करें। वाजिब रेट ईमानदारी का सौदा प्रॉपर्टी डीलर भी सम्पर्क करें। फाईनेन्स उपलब्ध राजू एण्ड इमरान प्रापर्टी नवाडीह भूपेन्द्र सम्पर्क- 8349566067 (39140)

**बेचना है-** बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2 BHK स्वतंत्र मकान बेचना है (फाइनेंस सुविधा उपलब्ध) संपर्क करें 6265041277, 8461997770 (364)

**बेचना है-** बिलासपुर न्यू बस स्टैण्ड तिफरा के समीप यदुनन्दन नगर में डबल स्टोरी 3BHK मकान लाल ईंट से बना एवं 2400 वर्गफिट का tncp प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 7987166040 (39159)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**बेचना है-**विकसित T&C अप्रूव्ड आवासीय कालोनी आर. के. रेसीडेन्सी तिफरा में दो स्वतंत्र मकान बेचना है कीमत 2BHK 45 लाख एवं 3BHK 80 लाख सम्पर्क करें- 9300989627 (39017)

### किराया

**किराया-** V R Plaza लिंक रोड में फर्स्ट फ्लोर पर 240/स्क्वायर फीट सेमी फर्निश्ड ऑफिस किराये से देना है रेंट 8,000 मो. 9893130580 (39147)

### फायनेंस

**फायनेंस-** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्कः- 9311830460 (366)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो को रेड कार्ड, विश्व कप खेलने पर मंडराया प्रतिबंध का खतरा



एजेंसी ▶▶| डबलिन

पुर्तगाल के लंबे समय के करिश्माई खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो को फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे हाफ में आयरलैंड के डिफेंडर दारा ओशे को कोहनी मारने के लिए रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद मैदान से बाहर जाने को कहा गया।

इसके परिणामस्वरूप, अगर पुर्तगाल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर भी लेता है, तो 40 वर्षीय रोनाल्डो पर विश्व कप के पहले मैच के लिए प्रतिबंध लगने का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इस मैच में पुर्तगाल को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

## फ्रांस ने किया फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई



### हिंसक आचरण के लिए लग सकता है तीन मैचों का बैन

पुर्तगाल और आर्मेनिया के बीच रविवार को होने वाले मैच को रोनाल्डो नहीं खेल सकेंगे। इस मैच में जीत से पुर्तगाल के पास अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका होगा। फीफा के अनुशासनात्मक नियमों के अनुसार, इसके जज से समूह को 'गंभीर बेईमानी' के लिए कम से कम दो मैचों का प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। 'हिंसक आचरण' के लिए कम से कम तीन मैचों का प्रतिबंध शामिल है। कोहनी मारने को अगर हिंसक माना गया तो रोनाल्डो पर तीन मैचों का प्रतिबंध लग सकता है।

### रेफरी ने दिखाया था पहले पीला कार्ड

फीफा का प्रतिबंध प्रतिस्पर्धी मैचों पर लागू होगा और टूर्नामेंट से पहले के अभ्यास मैचों में नहीं लगाया जा सकता। अवीवा स्टेडियम में लगभग एक घंटे के खेल के बाद जब आयरलैंड 2-0 की आश्चर्यजनक बढ़त बनाए हुए था तब रोनाल्डो ने अपनी दाहिनी कोहनी ओशे की पीठ पर मार दी। रेफरी ने पहले पीला कार्ड दिखाया, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद उसे रेड कार्ड में बदल दिया। आयरलैंड के प्रशंसकों के हूटिंग किए जाने के बाद रोनाल्डो ने मैदान से बाहर जाते समय कुछ पल के लिए रुके और प्रशंसकों की ओर देखा। उन्होंने कटाक्ष भरे लहजे में ताली बजाई और व्यंग्यात्मक अंदाज में दोनों हाथों के अंगूठे दिखा। रोनाल्डो फरवरी में 41 साल के हो जाएंगे और उनका लक्ष्य रिकॉर्ड छठे विश्व कप टूर्नामेंट में खेलने का है।

## खबर संक्षेप



### रथिका ने जीता बोंडी ओपन स्क्वाश का खिताब

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन ने सिडनी में बॉन्डी ओपन के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त मेडन ली कोए को 3-0 से हराकर अपने कॅरियर का दूसरा पीएसए खिताब जीता। रथिका ने न्यूजीलैंड की मेडन ली के खिलाफ एक भी गेम नहीं गंवाया और 11-7, 11-6, 11-7 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। तमिलनाडु की इस 24 वर्षीय खिलाड़ी का यह साल का तीसरा चैलेंजर फाइनल था। एनएसडब्ल्यू ओपन में उपविजेता रहने के बाद यह उनका इस हफ्ते का दूसरा टूर्नामेंट था।

### बांग्लादेश ने आयरलैंड को पारी और 47 रन से हराया



**सिलहट।** सलामी बल्लेबाज महमूदुल हसन जॉय (171 रन) और कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (100 रन) के शतकों की बदौलत बांग्लादेश ने पहले क्रिकेट टेस्ट में आयरलैंड को पारी और 47 रन से हरा दिया। जॉय के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी और शांटो के सैकड़े की बदौलत बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 587 रन के स्कोर पर पहली पारी घोषित की। आयरलैंड पहली पारी में 286 रन पर ढेर हो गया। बांग्लादेश को दूसरी बार बल्लेबाजी के लिए उतारने के लिए के लिए आयरलैंड को 301 रन बनाने थे। लेकिन आयरलैंड की टीम चौथे दिन दूसरे सत्र में दूसरी पारी में 254 रन पर आउट हो गई, जिसमें उसके लिए एंडी मैकब्राइन ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। आयरलैंड ने पहली पारी में कप्तान एंडी बालबर्नी के शून्य पर आउट होने के बाद पॉल स्टर्लिंग और कैड कारमाइकल के अर्धशतकों से पहली पारी में 286 रन बनाए। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट अगले बुधवार से ढाका में शुरू होगा।

### पीसीबी ने ठुकराया बांग्लादेश बोर्ड का निमंत्रण

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दिसंबर में श्रीलंका के साथ त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला में हिस्सा लेने के बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। पीसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि बीसीबी अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करना चाहता था, लेकिन खिलाड़ियों के कार्यभार को नियंत्रित करने के लिए पीसीबी को इस प्रस्ताव को ठुकराना पड़ा।

अधिकारी ने कहा, 'हमने पहले ही बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन शाह अफरीदी हारिस रऊफ, शादाब खान को दिसंबर-जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में भाग लेने के लिए एनओसी की अनुमति दे दी है।

## कोलकाता टेस्ट पहला दिन : भारत ने की अपनी स्थिति मजबूत

# बुमराह की धारदार गेंदबाजी, द.अफ्रीका को पहली पारी में 159 रन पर समेटा

## 51वां टेस्ट खेल रहे बुमराह ने 16वीं बार झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका की पारी को 159 रन पर समेटने के बाद भारतीय टीम ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 37 रन बनाकर साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। अपना 51वां टेस्ट खेल रहे बुमराह ने पारी में 16वीं बार पांच विकेट झटक कर दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं दिया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के सर्वोच्च स्कोरर एडेन मारक्रम (31) और रियान रिकेल्टन (23) को चलता कर शुरुआती झटके देने के बाद शानदार लय में चल रहे टोनी डि जोर्जी (24) को पगबाधा किया। बुमराह ने चाय के विश्राम के बाद साइमन हार्मर (पांच) और केशव महाराज को पवेलियन की राह दिखाकर अपने पांच विकेट पूरे किए। बुमराह को कुलदीप यादव (36 रन पर दो विकेट) और मोहम्मद सिराज (47 रन पर दो विकेट) को अच्छा साथ मिला जबकि अक्षर पटेल (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक सफलता हासिल की।



### घरेलू सरजमीं पर जसप्रीत ने पूरे किए 150 अंतरराष्ट्रीय विकेट

2016 में बुमराह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से भारत में तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस अवधि में बुमराह सबसे आगे हैं, जिन्होंने घरेलू मैदान पर 151 अंतरराष्ट्रीय विकेट झटके हैं। मोहम्मद शमी 132 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अनुभवी उमेश यादव ने 96 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद सिराज ने 79 विकेट चटकाए हैं।

### पहले दिन बुमराह ने किया कमाल

दक्षिण अफ्रीका का खिलाफ बुमराह ने अपने स्पेल में 27 रन दिए और आधी टीम को अकेले आउट कर दिया। इस तरह वो पिछले 17 सालों में किसी टेस्ट मैच के पहले दिन 5 बैटर्स को आउट करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने हैं। आखिरी बार किसी टेस्ट मैच के पहले दिन किसी गेंदबाज ने 5 विकेट लिए थे, तो वो डेल स्टेन थे। स्टेन ने 8 ओवरों में 23 रन दिए थे और साल 2008 में अहमदाबाद में भारत के खिलाफ 5 विकेट लिए थे।

### इन गेंदबाजों ने बुमराह से पहले लिए थे 5 विकेट

बता दें कि 22 नवंबर साल 2019 में इशांत शर्मा ने 12 ओवरों में 22 रन देकर 5 विकेट लिए थे। ये टेस्ट कोलकाता में पिंक बॉल से खेला गया था। वहीं अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी ने बेंगलुरु टेस्ट में भारत के 5 बैट्रस को आउट किया था। वहीं बुमराह के 5 विकेट उनके टेस्ट करियर का 16वां 5 विकेट हॉल है। अब तक सिर्फ 4 गेंदबाजों ने बुमराह से ज्यादा टेस्ट में 5 विकेट हॉल लिए हैं। भारत- साउथ अफ्रीका टेस्ट में जिन सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल लेने वाले गेंदबाजों में फिलहाल डेल स्टेन सबसे आगे हैं।

### मारक्रम ने 23 गेंद खेलने के बाद खोला खाता

*दक्षिण अफ्रीका ने इससे टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और मारक्रम ने रिकेलटन के साथ टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मारक्रम को खाता खोलने में 23 गेंद लग गए लेकिन उन्होंने शानदार स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव के साथ शुरुआत की और फिर अक्षर पटेल के खिलाफ बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से शानदार लेट कट खेला। उन्होंने इस वामहस्त गेंदबाज के खिलाफ कलाई का इस्तेमाल करते हुए मिड-विकेट पर शानदार छक्का जड़ा। दूसरी तरफ रियान रिकेलटन ने 22 गेंदों पर चार चौकों और 23 रन की आक्रामक पारी के साथ भारत परेशान करना शुरू कर दिया था।*

## एशियाई चैंपियनशिप

# भारत का बोलबाला, अंकिता और धीरज ने जीता गोल्ड



एजेंसी ▶▶| ढाका

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया की सुहयोन को हराकर उलटफेर करते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने भी पुरुष रिकर्व स्पर्धा का खिताब जीत लिया।

अंकिता ने पांच सेट के चुनौतीपूर्ण फाइनल में 7-3 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए महिला रिकर्व स्पर्धा जीती तो वहीं पुरुष वर्ग में धीरज ने हमवतन राहुल को फाइनल में 6-2 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। भारतीय दल ने अपने अभियान का समापन 10 पदकों के साथ किया, जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल रहे। इससे भारत तालिका में शीर्ष पर रहा।

### अंकिता ने सेमीफाइनल में दीपिका कुमारी को हराया

अंकिता ने इससे पहले सेमीफाइनल में सीनियर साथी और दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को हराया था। दोनों 5-5 से बराबरी पर थीं और शूट-ऑफ में भी दोनों तीरंदाजों ने नौ-नौ अंक बनाए। लेकिन अंकिता का तीर केंद्र के करीब था, जिससे वह खिताबी मुकाबले में पहुंच गईं। अंकिता ने फाइनल में पहला सेट 29-27 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट 27-27 से बराबरी पर रहा। नाम तीसरा सेट 28-26 से जीतकर बराबरी पर आ गईं। लेकिन चौथे सेट में भारतीय तीरंदाज ने शानदार वापसी की और 29-28 के शानदार प्रयास से 5-3 की बढ़त बना ली। इस भारतीय ने निर्णायक सेट में भी दमखम दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया।

■ अंकिता ने उलटफेर करते हुए सुहयोन को हराया

### धीरज ने चैहवान को हराया

पुरुषों के वर्ग में धीरज ने 33 वर्षीय अनुभवी जंग चैहवान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में धीरज ने पहला सेट एक अंक से गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की और दूसरा सेट जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। उन्होंने तीसरा सेट 29-27 से जीतकर स्कोर 4-2 कर दिया। फिर 10 अंक की एक और हैट्रिक लगाकर स्वर्ण पदक पक्का किया।

# शतरंज विश्व कप में एरिगैसी अरोनियन की हाई-वोल्टेज भिड़ंत



एजेंसी ▶▶| पणजी

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का सामना फिडे विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में शानदार फॉर्म में चल रहे आर्मेनिया के लेवोन अरोनियन से होगा, जबकि पी हरिकृष्णा कुछ दिग्गज खिलाड़ियों को शिकस्त देने वाले मैक्सिको जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अल्कांतारा से भिड़ेंगे। टाई-ब्रेक के पहले मुकाबले में हंगरी के पीटर लेको को 2-0 से हराने वाले एरिगैसी की अच्छी रेटिंग के बावजूद आरोनियन के खिलाफ उनका मुकाबला बराबरी को होगा क्योंकि आर्मेनिया का यह खिलाड़ी शानदार लय में चल रहा है। हरिकृष्णा के सामने जोस मार्टिनेज की कड़ी चुनौती होगी। मार्टिनेज ने टूर्नामेंट में अपने से उच्च रैंकिंग वाले कई खिलाड़ियों को मात दी है।

■ हरिकृष्णा के सामने मार्टिनेज की कड़ी चुनौती

### हरिकृष्णा ने मार्टिनेज के खिलाफ नहीं खेला क्लासिकल प्रारुप

हरिकृष्णा ने बताया कि उन्होंने मैक्सिको के इस खिलाड़ी के खिलाफ क्लासिकल प्रारुप में कभी नहीं खेला है। 'मुझे लगता है कि शायद कुछ ब्लिट्ज मुकाबलों में मैंने उनका सामना किया है लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैंने पहले कभी उसके साथ खेला है। चौथे चरण के टाईब्रेकर में डेनियल दुबई के हाथों आर प्रज्ञानानंदा के भी बाहर हो जाने के बाद अब हरिकृष्णा और एरिगैसी पर भारतीय चुनौती बनाए रखने का दारोमदार है। इस टूर्नामेंट से अगले कैंडिडेट्स के लिए शीर्ष तीन स्थान आरक्षित हैं और प्रज्ञानानंदा के अलावा कोई अन्य भारतीय अभी तक अगले कैंडिडेट्स में जगह नहीं बना पाया है।

### नागल को मिला चीन का वीजा खेलेंगे ऑस्ट्रेलियन ओपन प्लेऑफ

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को 24 नवंबर से चेंगदू में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन प्लेऑफ के लिए आखिरकार चीन जाने का वीजा मिल गया है। नागल ने गुरुवार को साई (भारतीय खेल प्राधिकरण), विदेश मंत्रालय, चीन के राजदूत और भारत में चीन दूतावास की प्रवक्ता को टैग करते हुए 'एक्स' पर लिखा, ' समय पर वीजा दिलाने में त्वरित मदद के लिए लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।' हरियाणा के झज्जर के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को बिना किसी स्पष्टीकरण के अपना वीजा आवेदन खारिज होने के बाद चीन दूतावास से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। चीन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बाद में कहा कि चीन भारत सहित सभी देशों के खिलाड़ियों को कानूनों और नियमों के अनुसार वीजा जारी करता है।

### जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए रोहित बने कप्तान



**नई दिल्ली।** ड्रैग-फ्लिकर रोहित को तमिलनाडु में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए घोषित भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया। दिग्गज पीआर श्रीजेश की कोचिंग में अभ्यास कर रही भारतीय टीम को पूल बी में चिली, स्विट्जरलैंड और ओमान के साथ रखा गया है। ओमान को पाकिस्तान के हटने के बाद विश्व कप में शामिल किया गया है। कोच श्रीजेश ने कहा, 'हमने काफी जांच परख कर टीम का चयन किया है। इसके अधिकांश खिलाड़ियों को इस बड़े टूर्नामेंट में खेलने का अनुभव है।' उन्होंने कहा, 'चयन के मानदंडों में उनकी शारीरिक क्षमता, कौशल और टीम-प्ले शामिल थे। हमने हालांकि सबसे ज्यादा ध्यान दबाव में प्रदर्शन करने की उनकी मानसिक क्षमता पर दिया।' भारतीय टीम की कमान डिफेंडर रोहित संभालेंगे, जिन्होंने हाल ही में मलेशिया में हुए सुल्तान जोहोर कप में अच्छा प्रदर्शन किया था और टीम ने रजत पदक जीता था। बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह गोलकीपर के रूप में टीम में चुने गए हैं। भारतीय जूनियर टीम को हालांकि अरिजीत सिंह हुंदल जैसे अनुभवी खिलाड़ी की कमी खलेगी, जो कंधे की चोट के कारण विश्व कप नहीं खेल पाएंगे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

भंडार विभाग

ई-टेंडर नोटिस न. एन.आई.टी./14/25/51, तिथि:-11-नवम्बर-2025

| Sr. No. | Tender No. | Description | Tender Closing Opening Date & Time | Qty. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03252891 | हेलिकल स्प्रिंग सेंटरलेस ग्राउंड | 02.12.2025 At 10:30 hrs | 498 नग |
| 2 | 02255004A | सप्लाए, इंस्टालेशन एंड कमिशनिंग ऑफ वाटरलेस यूरिनल सिस्टम फॉर थी फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स | 27.11.2025 At 10:30 hrs | 495 नग |
| 3 | 02251602 | मेटालाइज्ड कार्बन स्ट्रिप ऑफ इलेक्ट्रिक लोको/ ईएमयू पॉंटोग्राफ एँज पर आरडीएसओ ज् स्पेसिफिकेशन | 27.11.2025 At 10:30 hrs | 2732 सेट |
| 4 | 05255188A | सप्लाए, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमिशनिंग ऑफ आईपी बेस्ड विडियो सर्विलेंस सिस्टम | 02.12.2025 At 10:30 hrs | 1052 सेट |
| 5 | 08251013 | सर्वो प्रेस 150 आरआर. (आईओसी) हाईकॉम 150 पी (एचपीसी) माक कम्प्रेसर ऑयल-150 (बीपीसी) कम्प्रेसर ऑयल-150 | 03.12.2025 At 10:30 hrs | 39900 लीटर |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सीपीआर/10/AM/453 सहायक सामग्री प्रबंधक-III द.पू.मध्य. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड (सं./सं.) संभाग-बलरामपुर**

क्रमांक / का.यं.ब./क्रय / सूचना /4265 / बलरामपुर, दिनांक 14.11.2025

-: विद्युत बंद की सूचना :-

बलरामपुर जिले के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.11.2025 को वितरण केन्द्र रामानुजगंज के 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र एवं विद्युत लाईनों का आवश्यक सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिस हेतु निम्नलिखित सूची अनुसार विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| दिनाँक | उपकेन्द्र/फीडर का नाम | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 15.11.2025 | 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र रामानुजगंज | सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक | 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र रामानुजगंज से निकलने वाली समस्त फीडर से सम्बंधित क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। |

टीप: - आवशकतानुसार समय में बदलाव किया जा सकता है।
''विद्युत की बचत करें, समय पर विद्युत बिल का भुगतान करें।''

भवदीय
कार्यपालन अभियंता (सं./ सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि., बलरामपुर

संवाद-

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (कैरेज वर्क्स), खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **ई-निविदा सूचना संख्या: एलएचबीअपग्रेड टॉयलेट्स-1500, दिनांक : 13.11.2025। कार्य का नाम:** एसी/नॉन-एसी एलएचबी कोचों के शौचालयों का क्रमोन्नयन (मात्रा 1500 एलएचबी कोच)। **कार्य का स्थान:** खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे, डाक: खड़गपुर, जिला-पश्चिम मिदनापुर, पिन-721301। **मात्रा:** 1500 एलएचबी कोच। **निविदा मूल्य:** ₹ 150,75,16,701.35। **बयाना राशि:** ₹ 76,87,600। **अनुबंध की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 48 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 15.12.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **बोली प्रणाली:** दो लिफाफा प्रणाली। **क्या संयुक्त उद्यम को बोली लगाने की अनुमति है:** हाँ। **अनुबंध का प्रकार:** सामान्य खुली कार्य निविदा। **निविदा का प्रकार:** खुली। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ ई-पोर्टल वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। (PR-839)

**आम सूचना**

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण नीलामी व आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि चुकाने के लिए एक नोटिस जारी किया गया था। बकाया राशि चुकाने में विफलता के कारण, गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी की जाएगी। मृतक उधारकर्ता के मामले में, सभी नियम और शर्तें संबंधित कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | उधारकर्ता का नाम | नीलामी शाखा का पता | नीलामी तिथि |
|---|---|---|---|
| 042505002635 | सतवीर सिंह | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बनारस चौक, एम.जी.रोड, अंबिकापुर छत्तीसगढ़ - 497001 | 26-नवं-2025 |
| 018605008046 | शारदा शारदा | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 35,36,37 कॉमर्सियल सह आवासीय परिसर, नेहरू नगर पूर्व, भिलाई - 490020 | |
| 018605008066 | शारदा शारदा | | |
| 741805000618 | शारदा शारदा | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बजरंगपारा, सर्विस लेन जीई रोड, भिलाई-3, जिला - दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490021 | |
| 181605001106 | शारदा शारदा | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 792, खसरा नंबर 420/31, अग्रवाल स्पेस पार्क, कृष्णा टॉकीज रोड, रिसाली, भिलाई नगर जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490006 | |
| 181605001088 | शारदा शारदा | | |
| 062305001805 | यमुना जेड | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, स्टेशन रोड, निरंकारी फर्निचर के पास, दुर्ग -491001 | |
| 062305001817 | यमुना जेड | | |
| 477605000015 | विक्की वाधवानी | आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर सी52/3, सेक्टर 3, देवेंद्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 | |
| 477662000016 | अनिल कुमार होतवानी | | |

नीलामी तालिका में ऊपर उल्लिखित पते/पतों पर और दिनांक/दिनों पर आयोजित की जाएगी। समय : अपराह्न 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक। कृपया ध्यान दें कि यदि उपरोक्त नीलामी अधूरी रह जाती है, तो बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के इसे पुन: आयोजित करेगा।
इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए उपरोक्त शाखा/शाखाओं में जा सकते हैं।

दिनांक: 15.11.2025
स्थान: दुर्ग, रायपुर, सरगुजा

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**ACB INDIA LTD.(2X135MW TPP)**

**NOTICE INVITING TENDER**

Ref.No:-ACBIL/( 2X135MW)PP/ASH TRASNPORTATION/ 2025-26/NOV -01

**Description of work:**

Require competent agency for Transportation of Fly Ash/Pond ash to low laying area for a distance of 0 to 06 (Approx) Kms. from 2x135 MW Thermal Power Plant at Village-Kasaipali, Dist Korba Chhattisgarh, As per below details :

Transportation of Ash by self-tippling Tipper/Trucks dully covered with Tarpaulin or Suitable mean as per applicable MOEF & CC Notifications and guidelines & up to designated location.

**Total Quantity and Rates:**

Total estimated quantity of ash to be transported and unloaded is 250000 MT. Actual quantity is subject to change as per requirement during actual execution of the work.

Interested Bidder may collect Detailed Tender Document from below mentioned address & submit their bid. Bidder shall quote the rate in sealed envelope in INR:

Transportation complete charges for low laying area:

1) From 4-5 KM Rs………………../Per MT
2) From 5-6 KM Rs……………../Per MT

Above includes all expenses and complying all applicable terms and conditions of Pollution control Boards, various applicable notifications, Orders, guidelines, etc..

**Tender will available:** from 15.11.2025 at 11.00 Hrs. to 19.11.2025 at 12.00 hrs.

**Last date of Bid submission:** 20.11.2025 at 16.00 Hrs.

**Contact person:** Nitesh Srivastava, Contact No: 9575904949
**E-mail-** Civil.270MW@cg.acbindia.com

**Address :** ACB (India) Limited, 2x135MW Power Plant, Village-Kasaipali, Tehsil- Katghora, District- Korba (Chhattisgarh)

- S/d-
ACB ( India) Ltd. (2X135MW TPP)




# ठंड से जम जाएगा यूरोप! भारत, अमेरिका और अफ्रीका पर होगा ऐसा असर


वॉशिंगटन। यूरोप और कई महाद्वीपों को गर्म रखने वाली अटलांटिक महासागर की मुख्य समुद्री धारा अब खत्म हो रही है। अब वो धारा ठंडा हो रही है, जिसे आइसलैंड ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया है। अगर यह धारा रुक जाती है, तो पूरे यूरोप में फिर से हिमयुग आ सकता है। चारों तरफ बर्फ ही बर्फ हो जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आइसलैंड के जलवायु मंत्री जोहान पाल जोहानसन का कहना है कि यह देश की अस्तित्व के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि अब सरकार सबसे बुरे हालात के लिए योजना बना रही है, क्योंकि आइसलैंड बिल्कुल नॉर्थ पोल पर स्थित है। सबसे बुरा असर उस पर ही पड़ेगा।

## क्या है अटलांटिक धारा?

इस धारा का नाम अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन है, जो गर्म पानी को उष्णकटिबंधीय क्षेत्र से आर्कटिक की तरफ लेकर जाती है। इससे यूरोप के सर्दियां हल्की रहती हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण आर्कटिक की बर्फ पिघलती जा रही है। ग्रीनलैंड की बर्फीली चादर से निकलने वाला ठंडा पानी समुद्र में बह रहा है।

## ठंडे पानी से बाधित हो सकती है धारा

वैज्ञानिक का कहना है कि इस ठंडे पानी से धारा बाधित हो सकती है। अगर एएमओसी ढह जाती है, तो उत्तरी यूरोप में सर्दियों के दौरान तापमान बहुत ज्यादा गिर जाएगा। बर्फ और बर्फीले तूफान बढ़ जाएंगे। वैज्ञानिकों ने कहा कि पहले भी यह धारा ढह चुकी है। करीब 12,000 साल पहले आखिरी बर्फीले युग से पहले यही हुआ था।



## तेजी से बदल रहा है विज्ञान



फिनलैंड के मौसम विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक एलेक्सी नुमेलिन का कहना है कि कब होगा, इस पर बहुत शोध किए जा रहे हैं, लेकिन समाज पर असर के बारे में कम जानकारी है। जर्मनी के पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट के स्टेफन राह्मस्टॉर्फ ने कहा कि विज्ञान तेजी से बदल रहा है। कम समय है, क्योंकि टिपिंग पॉइंट करीब आ रहा है।

## क्या होगा दुनिया पर प्रभाव?

एएमओसी के ढहने का असर सिर्फ यूरोप पर नहीं, बल्कि दुनिया के कई देश प्रभावित हो सकते हैं। अफ्रीका, भारत और दक्षिण अमेरिका का बारिश पैटर्न बिगड़ सकता है। अंटार्कटिका में गर्मी तेज हो सकती है, जहां पहले ही बर्फ खतरे में है। वैज्ञानिक चेतावनी लगातार दे रहे हैं कि अगले कुछ दशकों में घटना पूरी हो जाएगी, क्योंकि वैश्विक तापमान बढ़ रहा है।

# ये है दुनिया का सबसे महंगा सेब, कीमत इतनी जिसमें आ जाएंगी कई लग्जरी कारें

**मुंबई।** क्या आपने कभी सोचा है कि एक साधारण दिखने वाला सेब करोड़ों रुपये का हो सकता है? सुनने में फिल्मी लगता है, लेकिन मुंबई के मशहूर 'गोल्ड मैन' रोहित पिसाल ने इसे हकीकत में बदल दिया है। उन्होंने हीरे और सोने से बना 10 करोड़ रुपए का एप्पल तैयार किया है, जो आज दुनिया भर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## 18 कैरेट सोना और 1396 हीरे की चमक



यह कोई खाने वाला सेब नहीं, बल्कि भारतीय ज्वेलरी कला की अनमोल मिसाल है। रोहित पिसाल ने इस कलाकृति को 18 कैरेट गोल्ड और 9 कैरेट 36 सेंट डायमंड्स से तैयार किया है। इसमें 1396 छोटे-छोटे हीरे जड़े गए हैं और इसका वजन करीब 29.8 ग्राम है। हर टुकड़े को इतनी बारीकी से गढ़ा गया है कि यह असली सेब जैसा नजर आता है।

**भारतीय कला का 'गोल्डन' गौरव :** यह एप्पल सिर्फ एक डिजाइन नहीं, बल्कि इंडियन हैंडक्राफ्ट की ग्लोबल पहचान बन गया है। इसने यह साबित कर दिया कि इंडियन ज्वेलरी आर्टिस्ट्स सिर्फ आभूषण नहीं, बल्कि इतिहास गढ़ सकते हैं।

## अब थाईलैंड के रॉयल पैलेस में चमक रहा

आज यह बेशकीमती सेब थाईलैंड के रॉयल पैलेस में प्रदर्शित किया जा रहा है। विदेशी कलेक्टर्स इसकी सुंदरता पर फिदा हैं और करोड़ों की पेशकश कर रहे हैं। रोहित का कहना है, 'यह सिर्फ एक ज्वेलरी पीस नहीं, बल्कि भारतीय कारीगरी की शान है।'

# ऐसा अनोखा देश, जहां नहीं है एक भी सांप

**नई दिल्ली।** सांप की दुनियाभर में तीन हजार से ज्यादा प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें कुछ सांप बेहद जहरीले होते हैं, जिनके काटने से इंसान की पलभर में मौत हो सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में सांपों की 69 प्रजातियां ऐसी हैं, जो बेहद खतरनाक होती हैं। इनमें 29 समुद्री सांप हैं, तो वहीं 40 जमीन पर रहने वाले हैं। ब्राजील को सांपों के देश के तौर पर जाना जाता है, क्योंकि यहां पर दुनिया में सबसे ज्यादा सांप पाए जाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दुनिया में एक देश ऐसा भी है, जो 'सांप विहीन' है यानी यहां एक भी सांप नहीं हैं। जी हां, आयरलैंड एक ऐसा देश है, जहां सांप हैं ही नहीं, लेकिन इसके पीछे की वजह जानेंगे तो आप और भी हैरान रह जाएंगे। आयरलैंड के बारे में कहा जाता है कि आज के समय में धरती पर जितने भी ध्रुवीय भालू जीवित हैं, अगर उनके पूर्वजों का पता लगाने की कोशिश करें तो ये सभी आयरलैंड में 50 हजार साल पहले जीवित एक भूरी मादा भालू के बच्चे हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com